दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...

● नई दिल्ली। शुक्रवार 22 अगस्त-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 243 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3


## सतीश गोलचा होंगे दिल्ली के नए पुलिस कमिश्नर

### सीएम पर हमले के बाद हुआ बदलाव



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस को नया कमिश्नर मिल गया है। सतीश गोलचा को दिल्ली का नया पुलिस कमिश्नर नियुक्त किया गया है। अब तक पुलिस कमिश्नर का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे शशि भूषण कुमार सिंह (एसबीके सिंह) को इस पद से हटा दिया गया है। गृह मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी सतीश गोलचा को दिल्ली का नया पुलिस कमिश्नर नियुक्त किया गया। वह वर्तमान में डीजी (जेल), दिल्ली के पद पर कार्यरत थे। उनकी नियुक्ति उस दिन से प्रभावी होगी, जिस दिन वह कार्यभार संभालेंगे और अगले आदेश तक जारी रहेगी। सतीश गोलचा 1992 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।

# लोनी में मंदबुद्धि युवती के साथ गैंगरेप, पीड़िता ने लगाई फांसी



**- ग्रामीण जोन के लोनी थानाक्षेत्र के गांव निठौरा का मामला**

**- परिजनों का आरोप पुलिस की लापरवाही बनी मंदबुद्धि युवती की मौत की वजह**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के ग्रामीण जोन में एक मंदबुद्धि युवती के साथ गैंगरेप का सनसनीखेज मामला सामने आया। जिससे आहत होकर युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली और अपनी जीवन लीला समाप्त की। इस मामले में पुलिस की कार्यशैली और तमाम अधिकारियों के होने के बावजूद मुकदमा लिखने से लेकर पीड़िता का मेडिकल जांच कराने में देरी का मामला भी प्रकाश में आया है। मृतका के परिजनों ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल खड़े किए हैं। तो वहीं इस पूरे मामले को लेकर विपक्ष भी आक्रामक हो गया है। पुलिस के उच्च अधिकारियों ने इस मामले में अबतक लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों पर कोई एक्शन भी नहीं लिया है। हालांकि कि गुरुवार की रात युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गोली मार कर दबोचा है। एक आरोपी की उम्र 31 साल और दूसरे की 53 साल है। दोनों ही लोनी के निठौरा इलाके के रहने वाले हैं। पुलिस में दोनों को ऑपरेशन लंगड़ा के तहत अस्पताल पहुंचाया है।

### घर से निकली युवती को जंगल में ले जाकर किया गया था दुष्कर्म

करंट क्राइम : पीड़ित युवती के पिता और भाई पुलिस कार्य प्रणाली पर सवाल खड़ा कर रहे हैं। उन्होंने जानकारी दी की 18 तारीख सोमवार को उनकी बहन शाम के वक्त घर से टहलने बाहर निकली, वह मंदबुद्धि है और बोलने में 30% बोल पाती है। उसका दिल्ली में कई सालों से इलाज भी चल रहा है। वो उसे रास्ता भटकने पर दो से तीन लोग जंगल ले गए,जहां उसके साथ दुष्कर्म किया गया और आरोपी उसे मौके पर छोड़कर फरार हो गए। कुछ घंटे बाद युवती घर पहुंची तो उसके चेहरे पर चोट के निशान थे, वह बदहवास थी। जिसके बाद परिवार वाले पुलिस चौकी और थाने गए पुलिस ने सुनवाई नहीं की परिजनों का आरोप है कि पुलिस किसी दबाव में थी।

### बड़ा सवाल : 30 घंटे बाद दर्ज हुई एफआईआर और 31 घंटे बाद हुआ मेडिकल




करंट क्राइम : सामूहिक दुष्कर्म के मामले में सुप्रीम कोर्ट का सीधा निर्देश है कि तत्काल मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की जाए। पीड़िता का मेडिकल कराया जाए लेकिन पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद देहात जोन पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने में 30 घंटे का समय लगा दिया। तो वहीं मेडिकल जांच भी 31 घंटे बाद हुई बताई जा रही है। पीड़ित परिवार से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस उसे गाजियाबाद के जिला एमएमजी अस्पताल में मेडिकल कराने के लिए रात 11 :30 बजे लेकर पहुंची थी, जहां देर रात तीन बजे तक उसका मेडिकल हुआ और फिर उसे घर भेजा गया। बताया जा रहा है कि पुलिस की कार्यशैली और परिजनों की बदनामी के बाद युवती ने गुरुवार तड़के घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

## बलात्कारियों को पुलिस ने किया लंगड़ा



करंट क्राइम : गुरुवार को युवती के द्वारा आत्महत्या किए जाने के बाद इस मामले में परिवार और आसपास के लोग आक्रोशित हो गए। गुरुवार को पीड़ित परिवार के लोग चौकी पहुंचे और पुलिस के खिलाफ नाराजगी जाहिर की। जिसके बाद डीसीपी ग्रामीण जोन सुरेंद्रनाथ तिवारी मौके पर पहुंचे। परिवारजनों से बातचीत की, इस इस मामले की जांच के लिए डीसीपी के नेतृत्व में पांच टीमों का गठन किया गया। साथ ही एसीपी स्तर के अधिकारी भी लगाए गए थे। जिसका परिणाम रहा की गुरुवार रात पुलिस ने रोहित निवासी निठौरा और वीर सिंह उर्फ भोला को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया है। इनसे दो अवैध तमंचे, दो खोखे, कारतूस, दो जिंदा कारतूस चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस उनके पुराने अपराधिक इतिहास को भी खंगालने में लगी हुई है।



### एक्शन में रहने वाले विधायक लोनी भी रहे इस मामले में मौन

करंट क्राइम : अपनी ही सरकार और अधिकारियों पर आक्रामक रूप अपनाने वाले लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर भी गैंगरेप के बाद युवती द्वारा आत्महत्या के मामले में खामोश रहे। तो वहीं बहुजन समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों ने इस मामले में पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे और पुलिस कार्रवाई ना करने को लेकर नाराजगी भी जाहिर की।

### गैंगरेप मामले में पीड़ित परिवार को मिले न्याय : बसपा



करंट क्राइम। लोनी में मूक बधिर युवती के साथ गैंगरेप और उसके बाद युवती द्वारा आत्महत्या किए जाने की सनसनीखेज घटना को लेकर के एक प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान बसपा प्रतिनिधि मंडल ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस को दिए ज्ञापन में बसपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि युवती अनुसूचित जाति से तालुकात रखती थी। इस मामले में तीन दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से लोगों में नाराजगी है। उन्होंने कहा कि इस मामले में पुलिस की ओर से भारी लापरवाही हुई है।

### आखिर लापरवाह पुलिसकर्मियों को किसने बचाया

करंट क्राइम : युवती के साथ गैंगरेप और फिर इस घटना से आहत होकर उसके द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले को लेकर पुलिस के शीर्ष अधिकारियों द्वारा अभी तक कोई एक्शन लेने की जानकारी नहीं मिली है। बताया जा रहा है इस पूरे मामले में जल्द ही जांच शुरू होगी और कई स्तर के कर्मचारी और अधिकारी लपेटे में आ सकते हैं। इस मामले में थाना प्रभारी लोनी, चौकी प्रभारी, बीट उपनिरीक्षक और अन्य पुलिसकर्मी भी जांच का शिकार हो सकते हैं।


### मृतका के पिता और भाई बोले पुलिस की लापरवाही ने ली बहन की जान

करंट क्राइम : इस पूरे मामले में मंदबुद्धि युवती के पिता और भाई पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई और देरी से काफी असंतुष्ट हैं। साथ ही इस मामले पर उन्होंने पुलिस के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि इस पूरे मामले में दोषी पुलिसकर्मियों के ऊपर एक्शन लिया जाना चाहिए।

### क्या सुनील शर्मा के लिए खोड़ा का जल बन गया है टेंशन वाला मैटर

# कैबिनेट मंत्री को लिखना पड़ा खोड़ा के पानी को लेकर मुख्य सचिव को लैटर





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** खोड़ा का जल एक ऐसा मेटर है जिसका हल अब तक नहीं निकल सका है। कभी यहां सांसद रहे जनरल वीके सिंह मुख्यमंत्री से मिले और ये शोर मचा कि अब पानी का बोर बढ़ जाएगा, खोड़ा की पेजयल की समस्या का समाधान हो जाएगा । लेकिन ऐसा नहीं हआ। फिर एक बार प्रयास हुए और खोड़ा नगर पालिका परिषद ने कहा कि बड़ी उपलब्धि है, लेकिन ऐसा लगता है कि खोड़ा का जल एक ऐसा मेटर बन गया है जिसका हल नहीं निकल पा रहा है। ये एक ऐसा मेटर है जो कैबिनेट मंत्री तथा साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा के लिये टेंशन का मेटर बन गया है। सुनील शर्मा ने मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन को पत्र लिखा और उन्होंने यहां छह बिंदुओं पर उनका ध्यान आकर्षित किया और कहा कि नगर पालिका परिषद खोड़ा मकनपुर के लिये नोएडा अथॉरिटी को पानी देना चाहिए।

सुनील शर्मा ने छह बिंदुओं के माध्यम से ये बताया कि नोएडा अथॉरिटी को पानी क्यों देना चाहिए। बताते हैं कि इसके बाद कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने मुख्यमंत्री से भी मुलाकात की है।

### इस तरह से बिंदुवार समझाया सुनील शर्मा ने खोड़ा की बात को



**सुनील शर्मा - चिंता मत करो मेरे विधानसभा वासियों। इस बार में खोड़ा की जल समस्या का समाधान करके ही दम लूंगा।**

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। खोड़ा के लिये कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा आगे आए। उन्होंने मुख्य सचिव को लिखे पत्र में पहले बिंदु में समझाया कि नोएडा अथॉरिटी को किसलिये नगर पालिका परिषद खोड़ा मकनपुर को पानी देना चाहिए। उन्होंने लिखा कि नगर पालिका परिषद खोड़ा मकनपुर शुरू में नोएडा की श्रमिक बस्ती थी। दूसरे बिंदु में बताया कि खोड़ा गांव की जमीन नोएडा के विकास में अधिग्रहित की गई जिसमें कई सेक्टर निर्मित हुए। खोड़ा चारों तरफ से भौगोलिक रूप से नोएडा से घिरा है। पहले भी कई बार नोएडा अथॉरिटी द्वारा खोड़ा में विकास कार्य कराये गए हैं। 2011 में नोएडा अथॉरिटी द्वारा खोड़ा में विद्युतिकरण और सीवर का काम कराया गया था। अभी भी खोड़ा नगर पालिका के अंदर कई स्थान पर नोएडा अथॉरिटी की भूमि पाई जाती है। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने तीसरे बिंदु में ये बताया कि वर्तमान में लगभग 140 एमएलडी गंगा जल को अभी नोएडा ले ही नहीं पा रहा है। जिस कारण से पांच क्यूसिक गंगा जल प्लांट बंद है और चालू नहीं किया जा रहा है। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने अपने पत्र के चौथे बिंदु में कहा कि नोएडा को स्थापित हुए लगभग 40 से 45 वर्ष हो चुके हैं और आबादी से परिपूर्ण है। तब जाकर अभी तक कुल लगभग 180 एमएलडी गंगा जल का उपयोग कर पा रहाहै। पांचवे बिंदु में कहा गया कि यदि तुलना करें तो अगले 20-25 वर्ष में भी इससे अतिरिक्त जल का इस्तेमाल नोएडा नहीं कर पायेगा। छठे बिंदू में उन्होंने कहा कि खोड़ा में पेयजल समस्या को लेकर धरना प्रदर्शन चल रहा है, जनता में रोष है। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा मुख्य सचिव को लिखे पत्र में कहा कि खोड़ा मकनपुर नगर पालिका परिषद हेतु वैकल्पिक व्यवस्थाओं पर विचार करते हुए फिलहाल एक निश्चित समय के लिये नोएडा को आवंटित जल में से आपूर्ति की जाए तथा अन्य व्यवस्था होने पर उसे परिवर्तित किया जाये। ग्रेटर गाजियाबाद भी प्रस्तावित है, जिसमें खोड़ा को सम्मलित किया जाना है। तत्सम्य ग्रेटर गाजियाबाद द्वारा आपूर्ति की जा सकती है। वर्तमान परिस्थितियों में जन आक्रोश को देखते हुए खोड़ा मकनपुर नगर पालिका परिषद को गंगा जल आपूर्ति कराया जाना अति आवश्यक है।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात में रखा कैबिनेट मंत्री ने विषय

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा खोड़ा की जल समस्या को लेकर गंभीर हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की और यहां उन्होंने सबसे पहले खोड़ा मा मुद्दा रखा। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा मुख्यमंत्री से मुलाकात में सर्वप्रथम अपने विभाग से जुड़ी विभिन्न कार्यों की प्रगति की जानकारी प्रस्तुत की। इसके बाद उन्होंने खोड़ा क्षेत्र की पेयजल आपूर्ति समस्या पर विशेष रूप से चर्चा करते हुए यह अनुरोध किया कि मुख्यमंत्री इस विषय पर अधिकारियों को निर्देशित करें। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा बताया कि जब उन्होंने मुलाकात में खोड़ा के पेयजल का विषय सीएम के समक्ष रखा तो सीएम ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इस विषय को लेकर संकल्पित है और शीघ्र ही अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देकर समस्या का समाधान सुनिश्चित करेगी।


॥ रस्म तेहरवी ॥



**श्री आशीष गर्ग**

**(जिला एवं सत्र न्यायाधीश गा०बाद)**

मान्यवर,

बडे दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय पिताजी श्री आशीष गर्ग (जिला जज गाजियाबाद) का स्वर्गवास दिनांक 11.08.25 दिन सोमवार को हो गया था। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी। दिवंगत आत्मा की शन्ति हेतु रस्म तेरहवी दिनांक 23.8.2025 दिन शनिवार को सुनिश्चित हुई है।

दिन शनिवार, 23 अगस्त 2025

हवन ............ 9.00 बजे प्रातः

शोक सभा (रस्म पगड़ी) ............ 2:00 बजे दोपहर

कृप्या पगड़ी साथ न लायें।

**शोकाकुल परिवार**

योगेन्द्र स्वरूप गर्ग दीपा गर्ग (चाचा चाची)
निधि गर्ग (धर्मपत्नी)
आयुष गर्ग - शिवानी गर्ग (पुत्र पुत्रवधु)
अनुष्का गर्ग (पुत्री)

**कार्यक्रम स्थल**

डायमण्ड पैलेस, कवि नगर, इण्डस्ट्रीयल एरिया, रजापुर, गाजियाबाद।
मों :9927020790, 9838878873, 9927046036, 9045905038

**निवास स्थल**

जिला जज निवास, ईस्ट मोडल टाऊन, गजियाबाद।


# दिसंबर में इसरो लॉन्च करेगा पहला गगनयान परीक्षण मिशन

## शुभांशु ने अपनी ऐतिहासिक अंतरिक्ष यात्रा का अनुभव भी साझा किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मंगलवार को भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और इसरो प्रमुख वी. नारायण ने एक साथ मीडिया से बात की। इस दौरान शुभांशु ने गगनयान मिशन पर कहा कि जल्द ही भारत अपने रॉकेट और कैप्सूल से अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजेगा। उन्होंने यह भी बताया कि इसरो दिसंबर तक पहला गगनयान परीक्षण मिशन लॉन्च करेगा। उन्होंने अपनी ऐतिहासिक अंतरिक्ष यात्रा का अनुभव भी साझा किया। उन्होंने बताया कि 20 दिन अंतरिक्ष में बिताने के बाद शरीर गुरुत्वाकर्षण भूल जाता है और जमीन पर वापसी पर उसे दोबारा ढलना पड़ता है।

इसके साथ ही उन्होंने एक्सिओम मिशन के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि इसके तहत वे दो हफ्तों तक इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) में रहे। इस दौरान वे मिशन पायलट और कमांडर के रूप में जिम्मेदारी निभा रहे थे। शुक्ला ने मीडिया से बातचीत में कहा इस मिशन को संभव बनाने वाले सभी लोगों का धन्यवाद करता हूं। उन्होंने बताया कि आईएसएस पर रहते हुए कई प्रयोग किए गए और पृथ्वी व अंतरिक्ष से जुड़ी तस्वीरें भी ली गईं। उन्होंने कहा कि इसके लिए लंबी ट्रेनिंग ली गई थी और यह अनुभव उनके जीवन का सबसे अलग और यादगार रहा।

**गगनयान मिशन पर क्या बोले शुभांशु ? :** शुभांशु शुक्ला ने आगे भारत के महत्वाकांक्षी गगनयान मिशन की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि यह इसरो का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन है, जिसके तहत 2027 में भारतीय वायुसेना के तीन




पायलटों को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। ये पायलट 400 किलोमीटर की ऊंचाई पर पृथ्वी की कक्षा में तीन दिन रहेंगे और इसके बाद हिंद महासागर में सुरक्षित लैंडिंग कराई जाएगी। मिशन की कुल लागत लगभग 20,193 करोड़ रुपए है। शुक्ला ने कहा कि गगनयान की तैयारी के लिए पहले दो खाली टेस्ट फ्लाइट भेजी जाएंगी, इसके बाद एक फ्लाइट में रोबोट भेजा जाएगा। जब यह सब सफल हो जाएगा, तब इंसानों को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। वहीं, अपनी बात कहते हुए आखिरी में उन्होंने ये भी कहा कि भारत आज भी अंतरिक्ष से सारे जहां से अच्छा लगता है।

**पीएम मोदी के कार्यकाल पर बोले इसरो प्रमुख :** कार्यक्रम में इसरो प्रमुख वी. नारायणन भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में भारत की अंतरिक्ष यात्रा को नई गति मिली है। उन्होंने याद दिलाया कि दक्षिण एशियाई सैटेलाइट को भारत ने बनाकर सदस्य देशों को समर्पित किया। इसके अलावा भारत ने जी20 देशों के लिए भी एक सैटेलाइट तैयार किया। नारायणन ने कहा कि 10 साल पहले देश में सिर्फ एक स्पेस स्टार्टअप था, लेकिन आज 300 से ज्यादा स्टार्टअप्स अंतरिक्ष क्षेत्र में काम कर रहे हैं। निजी कंपनियों ने अब तक दो सब-ऑर्बिटल मिशन पूरे किए हैं। यह दिखाता है कि भारत की स्पेस इकोनॉमी लगातार बढ़ रही है और आने वाले वर्षों में इसका और विस्तार होगा।

# लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित, हंगामेदार रहा यह सत्र

**नई दिल्ली।** संसद के निचले सदन लोकसभा की कार्यवाही गुरुवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। इस सत्र में 12 विधेयकों को बिना चर्चा के या संक्षिप्त चर्चा के साथ पारित कर दिया गया। वहीं तीन विधेयकों को चर्चा के लिए संयुक्त संसदीय समिति को भेजा गया है। मानसून सत्र की शुरूआत 21 जुलाई को हुई थी। यह सत्र काफी हंगामेदार रहा। संसद के दोनों सदनों में यह सत्र बिहार में चल रहे मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) पर चर्चा की मांग को लेकर जोरदार हंगामा होता रहा।

**किस बात से निराश हैं लोकसभा अध्यक्ष :** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मानसून सत्र में कार्यवाही में गतिरोध बनाए रखने पर विपक्षी दलों के प्रति निराशा जताई। उन्होंने कहा कि नियोजित तरीके से सदन के कामकाज में व्यवधान पैदा किया गया जो लोकतंत्र और सदन की मयार्दा के अनुरूप नहीं है।

अठारहवीं लोकसभा के पांचवें सत्र की शुरूआत 21 जुलाई को हुई थी। इसमें 14 सरकारी विधेयक पेश किए गए और 12 विधेयक पारित किए गए। इन विधयेकों में अनुसूचित जनजातियों के विधानसभा क्षेत्रों के पुनर्समायोजन से संबंधित गोवा विधेयक 2025, मर्चेंट शिपिंग विधेयक 2025, मणिपुर वस्तु एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक,



2025, मणिपुर विनियोग (संख्या 2) विधेयक 2025, राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक 2025 और राष्ट्रीय एंटी-डोपिंग (संशोधन) विधेयक 2025 शामिल हैं। इनके अलावा आयकर विधेयक 2025, कराधान कानून (संशोधन) विधेयक 2025, भारतीय बंदरगाह विधेयक 2025, खनिज और खनिज विकास (विनियमन और संशोधन) विधेयक 2025, भारतीय प्रबंधन संस्थान (संशोधन) विधेयक 2025 और ऑनलाइन खेल संवर्धन और विनियमन विधेयक, 2025 भी हंगामे के बीच लोकसभा में पारित किए गए।

लोकसभा ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को गंभीर आपराधिक आरोपों में गिरफ्तार किए जाने और लगातार 30 दिन तक हिरासत में रहने पर पद से हटाए जाने के प्रावधान वाले संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025', ह्यसंघ राज्य क्षेत्र शासन (संशोधन) विधेयक, 2025' और ह्यजम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025' को संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) को भेजने का निर्णय लिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष के काफी हंगामे के बीच इन्हें बुधवार को पेश किया था। इस दौरान सदन में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच नोकझोंक की स्थिति भी बनी।

**संसद में एसआईआर पर चर्चा हुई या नहीं :** सत्र की शुरूआत से ही बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर विपक्षी दलों ने सदन में लगातार नारेबाजी की जिससे कामकाज प्रभावित हुआ।विपक्ष के शोर-शराबे के कारण कुछ विधेयक संक्षिप्त चर्चा के साथ और कुछ बिना चर्चा के ही पारित कर दिए गए।

सदन में 28 और 29 जुलाई को ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा बिना किसी व्यवधान के पूरी हुई। इसका जवाब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया। इसके अलावा 18 अगस्त को भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम की उपलब्धियों पर भी लोकसभा में एक विशेष चर्चा की शुरूआत हुई, लेकिन इस पर केवल विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के सांसद निशिकांत दुबे ही अपने विचार रख सके और हंगामे के कारण यह आगे नहीं बढ़ सकी।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बताया कि इस सत्र के लिए 419 तारांकित प्रश्न शामिल किए गए थे किंतु लगातार नियोजित व्यवधान के कारण 55 प्रश्नों का ही मौखिक उत्तर दिया गया। उन्होंने कहा,"हम सबने प्रारंभ में तय किया था कि 120 घंटे चर्चा करेंगे। कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) में भी इस पर सहमति बनी थी, लेकिन (विपक्ष के) लगातार गतिरोध और नियोजित व्यवधान के कारण हम केवल 37 घंटे ही चर्चा कर पाए।"

# स्कूल में हिंसा : टीचर ने मारा थप्पड़ तो छात्र ने चला दी गोली, उत्तराखंड में हड़कंप

## पूरी तैयारी के साथ लंच बॉक्स में लेकर आया था तमंचा

**काशीपुर।** उत्तराखंड के ऊधम सिंह नगर जिले के काशीपुर में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। एक निजी स्कूल में पढ़ने वाले 9वीं कक्षा के छात्र ने अपने शिक्षक पर तमंचे से गोली चला दी। गोली शिक्षक के दाएं कंधे के नीचे लगी, जिसके बाद उन्हें गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार, छात्र और शिक्षक के बीच झगड़े की शुरूआत तब हुई जब शिक्षक ने छात्र को थप्पड़ मार दिया था। इसके बाद छात्र गुस्से में अपने लंच बॉक्स में तमंचा छिपाकर स्कूल लाया और कक्षा में ही शिक्षक पर गोली चला दी। इस सनसनीखेज घटना के बाद पूरे जिले में शिक्षकों में रोष है। उत्तराखंड के सीबीएसई बोर्ड से जुड़े अध्यापक इस घटना के विरोध में धरने और हड़ताल पर बैठ गए हैं।काशीपुर सहित कई जगहों पर आज स्कूल बंद रखे गए हैं। पुलिस ने छात्र को हिरासत में ले लिया है और तमंचा बरामद कर मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल शिक्षक की हालत गंभीर बनी हुई है।

काशीपुर में कुंडेश्वरी रोड स्थित एक प्राइवेट स्कूल में बुधवार को शिक्षक गगनदीप सिंह कोहली सुबह 9।45 बजे




भौतिक विज्ञान की क्लास लेने पहुंचे। मध्यांतर के बाद वह क्लास रूम से बाहर निकलने लगे, तभी पीछे से एक छात्र ने टिफिन बॉक्स से तमंचा निकाला और उनपर फायर झोंक दिया।

छात्र भागने का प्रयास करने लगा लेकिन शिक्षकों ने उसे पकड़ लिया। घायल शिक्षक को निजी अस्पताल में पहुंचाया। एएसपी अभय सिंह ने बताया कि शिक्षक की तहरीर पर नाबालिग आरोपी पर केस दर्ज कर लिया है। उसे पुलिस संरक्षण में ले लिया है।

शिक्षक को गोली मारने के विरोध में गुरुवार को जिले के सभी सीबीएसई और मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय बंद रहेंगे। ऊधमसिंह नगर इंडिपेंडेंट स्कूल एसोसिएशन की बैठक में यह निर्णय लिया है। घटना के विरोध में शिक्षक काला दिवस मनाएंगे। बुधवार को कुंडेश्वरी रोड स्थित एक निजी स्कूल में एसोसिएशन की बैठक हुई। जिसमें शिक्षक को छात्र द्वारा गोली मारने की घटना की निंदा की गई।

एसोसिएशन के जिला संयोजक राहुल पैगिया ने बताया कि घटना के विरोध में गुरुवार को जिले के सीबीएसई और निजी मान्यता प्राप्त स्कूल बंद रहेंगे। यह निर्णय बैठक में लिया गया है।

# बसपा सुप्रीमो मायावती का कड़ा रुख, '130वां संविधान संशोधन विधेयक लोकतंत्र को कमजोर करने वाला'

नई दिल्ली। संसद के मानसून सत्र के दौरान लोकसभा में गृह मंत्री अमित शाह द्वारा पेश किए गए 130वें संविधान संशोधन विधेयक पर बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने प्रतिक्रिया दी है। बसपा चीफ ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक बयान में कहा है कि उनकी पार्टी इस बिल से सहमत नहीं है। उन्होंने आशंका जताई है कि इस कानून का भविष्य में दुरुपयोग हो सकता है।

यूपी की पूर्व सीएम ने एक बयान में कहा कि- केन्द्र सरकार द्वारा कल संसद में, भारी हंगामे के बीच लाया गया 130वाँ संविधान संशोधन बिल, देश में पिछले कुछ वर्षों से चल रहे राजनैतिक हालात में, यह स्पष्टतः लोकतंत्र को कमजोर करने वाला लगता है और इसका सत्ताधारी पार्टियाँ




अपने-अपने लाभ, स्वार्थ व द्वेष में ज्यादातर इसका दुरुपयोग ही करेंगी, ऐसी जनता को आशंका।

बसपा नेता ने कहा कि अतः इस बिल से हमारी पार्टी कतई भी सहमत नहीं है। सरकार इसे देश के लोकतंत्र एवं संविधान के हित में जरूर पुनर्विचार करे तो यह उचित होगा।

**विधेयक में क्या है ?**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष के विरोध और हंगामे के बीच सदन में ह्यसंविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025ह्ल, ह्यसंघ राज्य क्षेत्र शासन (संशोधन) विधेयक, 2025ह्ल और ह्यजम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025ह्ल पेश किए। बाद में उनके प्रस्ताव पर सदन ने तीनों विधेयकों को संसद की संयुक्त समिति को भेजने का निर्णय लिया।

विधेयकों के उद्देश्यों और कारणों में कहा गया है कि कोई मंत्री जो गंभीर दंडनीय अपराधों के आरोप का सामना कर रहा है, उसे गिरफ्तार किया जाता है और हिरासत में रखा जाता है तो वह संवैधानिक नैतिकता के मापदंडों तथा सुशासन के सिद्धांतों को विफल कर सकता है या उनमें बाधा डाल सकता है और अंततः लोगों द्वारा उसमें जताए गए विश्वास को कम कर सकता है। इसके अनुसार ऐसे मंत्री को हटाए जाने के लिए संविधान के अधीन कोई उपबंध नहीं है जो गंभीर दंडनीय आरोपों के तहत गिरफ्तार किया जाता है।

# पंजाबी सिंगर मनकीरत को जान से मारने की धमकी, लिखा- अब तेरा नंबर आ गया...

**नई दिल्ली।** पंजाबी सिंगर मनकीरत औलख को एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है। यह धमकी इटली के एक विदेशी नंबर से व्हाट्सऐप पर दी गई है। मनकीरत ने तुरंत इसकी जानकारी पंजाब पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

धमकी भरे मैसेज में कहा गया है, तैयार हो जाओ, तुम्हारा समय आ गया है। चाहे तुम्हारे पत्नी हो या तुम्हारा बच्चा, हमें कोई फर्क नहीं पड़ता। हम तुम्हारा काम तमाम करेंगे। यह मत सोचो कि जिसने तुम्हें धमकी दी है, अगर तुम उसका मजाक बनाओगे तो उसे कैसा लगेगा। चलो बेटा, अब तुम्हारा क्या होगा।

शिकायत मिलने के बाद पंजाब पुलिस अब मामले की जांच में जुट गई है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि धमकी देने वाला शख्स कौन है और वह कहां से ऑपरेट कर रहा है। मनकीरत औलख को पहले भी कई बार गैंगस्टरों की तरफ से धमकियां मिल चुकी हैं।



**सिद्धू मूसेवाला की हत्या के बाद सिंगर ने मांगी थी सुरक्षा :** बता दें कि पंजाब में सिद्धू मूसे वाला की हत्या के बाद मनकीरत औलख ने अपने सुरक्षा बढ़ाने की मांग की थी। मनकीरत को तब बंबीहा गैंग की तरफ से जान से मारने की धमकी मिली थी। गैंगस्टर्स की तरफ से मनकीरत पर मूसेवाला की हत्या का आरोप लगाया गया था। गैंगस्टर दविंदर बंबिहा की तरफ से 2022 में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया गया था। इसमें दावा किया गया था कि मूसेवाला की हत्या के पीछे सिंगर मनकीरत औलख का हाथ है। ये भी दावा किया गया था कि सभी गायकों से पैसे वसूलने के पीछे भी मनकीरत का ही हाथ है।

### पुलिस ने पहले भी नाकाम की थी हत्या की साजिश

इसी से संबंधित कार्रवाई करते हुए चंडीगढ़ पुलिस ने मार्च 2023 में बंबीहा गैंग के 4 सदस्यों को गिरफ्तार किया था। तब पुलिस ने बताया था कि ये चारों पंजाबी सिंगर बब्बू मान और मनकीरत औलख को मारने की साजिश रच रहे थे। जब इस बारे में पुलिस को भनक लगी, तो तुरंत ऑपरेशन सेल की टीम ने गैंग के सदस्यों को धर दबोचा। चारों के पास से हथियार और जिंदा कारतूस बरामद हुए थे।

# जम्मू-पठानकोट हाइवे पर पुल से गिरी श्रद्धालुओं से भरी बस... एक की मौत, 40 यात्री घायल

**जम्मू-कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले के जतवाल में दर्दनाक हादसा हो गया। यहां श्रद्धालुओं से भरी बस पुल से नीचे गिर गई। यह बस उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले से माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए कटरा जा रही थी। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 40 अन्य घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार, हादसा उस समय हुआ, जब बस का टायर फट गया और बस बेकाबू हो गई। टायर फटते ही बस सीधे पुल से नीचे गिर गई। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोग दौड़े। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल यात्रियों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया।

जिलाधिकारी और पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर



राहत एवं बचाव कार्यों का जायजा लिया। गंभीर रूप से घायल लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री ने इस दर्दनाक हादसे पर दुःख व्यक्त किया है और मृतक के परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की। उन्होंने घायल यात्रियों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। मुख्यमंत्री ने प्रशासन से कहा कि सभी संभव सहायता और राहत तुरंत उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार घायलों और उनके परिवारों की हरसंभव मदद सुनिश्चित करेगी।

स्थानीय प्रशासन और पुलिस ने भी यात्रियों की सुरक्षा और राहत कार्यों के लिए तत्काल कदम उठाए। हादसे में घायल यात्रियों में कई की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

# दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता को मिली जेड श्रेणी की सुरक्षा, आरोपी राजेश को पांच दिन की पुलिस रिमांड

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को जेड श्रेणी की सुरक्षा दे दी गई है। सूत्रों के अनुसार, केंद्र सरकार ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को जेड श्रेणी की सीआरपीएफ सुरक्षा प्रदान कर दी है। इससे पहले, दिल्ली में बुधवार को साप्ताहिक जनसुनवाई के दौरान दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हमला करने के आरोप में गिरफ्तार आरोपी राजेश खिमजी को पांच दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। आरोपी राजेश को दिल्ली पुलिस ने देर रात दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के द्वारका स्थित एक मजिस्ट्रेट के घर पर पेश किया गया। सूत्रों ने बताया कि आरोपी को तीस हजारी अदालत परिसर में किसी भी मजिस्ट्रेट के सामने पेश नहीं किया गया।

दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता के सरकारी आवास पर बुधवार सुबह साप्ताहिक जनसुनवाई के दौरान



फरियादी बनकर आए एक युवक ने अचानक मुख्यमंत्री पर हमला कर दिया। आरोपी ने सीएम को कुछ पेपर दिए इसके बाद उसने चिल्लाना शुरू कर दिया। बाद में आरोपी ने सीएम का हाथ और बाल पकड़े और उनके साथ धक्का-मुक्की करने लगा। प्रत्यक्षदर्शियों ने दावा किया कि आरोपी ने सीएम को थप्पड़ भी मार दिया। हालांकि प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने थप्पड़ मारने की बात से इंकार किया है। आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया गया। वहां मौजूद लोगों ने उसकी पिटाई कर दी। मुख्यमंत्री की सुरक्षा में हुई चूक की खबर मिलते ही दिल्ली पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। संयुक्त पुलिस आयुक्त मधुर वर्मा और पुलिस उपायुक्त राजा बांठिया भागे-भागे सीएम आवाज पहुंचे।

## मानसून सत्र में लोकसभा के 84 घंटे हुए बर्बाद, चर्चा से ज्यादा शोरगुल में बीता समय

**नई दिल्ली।** लोकसभा का मानसून सत्र गुरुवार को समाप्त हो गया। यह सत्र बार-बार हंगामे और जबरन स्थगन की वजह से चर्चा से ज्यादा शोरगुल में बीता। लोकसभा सचिवालय के अनुसार, कुल 21 बैठकों वाले इस एक माह लंबे सत्र में 84 घंटे से अधिक का समय बर्बाद हुआ। यह 18वीं लोकसभा के इतिहास में अब तक का सबसे अधिक समय है जो हंगामे के कारण व्यर्थ गया। 120 घंटे की योजना, केवल 37 घंटे हुए काम : मानसून सत्र की शुरूआत 21 जुलाई को हुई थी। इस पहले सभी दलों ने तय किया था कि कुल 120 घंटे चर्चा और कामकाज के लिए दिए जाएंगे। वहीं व्यापार सलाहकार समिति ने भी इस पर सहमति जताई थी। लेकिन, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बताया कि लगातार गतिरोध और योजनाबद्ध हंगामों के कारण, सिर्फ 37 घंटे 7 मिनट ही प्रभावी कामकाज हो पाया।

**गाजियाबाद नगर निगम**
(I.S.O. 14001, 18001 एवं 19001 प्रमाणित संस्था)

पत्रांकः—760/सम्पत्ति/2025—26 दिनांकः— 21.08.2025

**रूचि की अभिव्यक्ति (ई0ओ0आई0) आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि कंपनी बाग, घंटाघर, गाजियाबाद के भूतल तल पर हाईब्रिड मॉडल के आधार पर डिजिटल लाईब्रेरी के संचालन तथा रख—रखाव एवं प्रथम तल पर अध्ययन केन्द्र के डिजाईन, विकास, आपूर्ति, स्थापना, कमिशनिंग, संचालन एवं रख—रखाव हेतु फर्म/एजेन्सी की आपूर्ति लिये जाने हेतु निर्धारित नियम/शर्तों के अनुसार दिनांक 22.08.2025 से दिनांक 07.09.2025 तक ई०ओ०आई० आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्य हेतु इच्छुक व्यक्ति/फर्म अपनी निविदा ई—प्रोक्योरमेन्ट वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर प्रकाशन की तिथि से दिनांक 07.09.2025 को अपरान्ह 03.00 बजे तक डाऊनलोड/अपलोड कर सकते है। प्राप्त निविदायें दिनांक 08.09.2025 को सांय 04:00 बजे नगर निगम मुख्यालय चतुर्थ तल कक्ष सं0—09 में खोली जायेगी। विस्तृत निविदा सूचना ई—प्रोक्योरमेन्ट वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी
गाजियाबाद नगर निगम

दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

03 • नई दिल्ली। शुक्रवार 22 अगस्त -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित







# इन्वेस्टमेंट फ्रॉड के मामले बढ़े, न्यूड कॉलिंग गैंग हुआ साइलेंट

## इस वर्ष 178 से ज्यादा मुकदमे हो चुके हैं दर्ज, करोड़ों रुपए गंवा चुके हैं लोग

गौरव शशि नारायण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में साइबर थाना भी संचालित है और साइबर थाना बनने के बावजूद भी साइबर ठगों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। गाजियाबाद के सिटी, ग्रामीण और ट्रांस हिंडन जोन की बात की जाए तो बीते 8 महीनों में 178 से अधिक साइबर क्राइम के मामलों में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। तो इसमें 60% से अधिक इन्वेस्टमेंट फ्रॉड के मामले सामने आए हैं। साइबर थाने में काम करने वाले पुलिसकर्मी कहते हैं कि इन दिनों न्यूड कॉलिंग करके लोगों को फंसाने वाले गैंग थोड़े कम हुए हैं, पर साइबर क्राइम में इन्वेस्टमेंट फ्रॉड के मामलों में कई गुना की बढ़ोत्तरी दर्ज हुई है। अधिकांश मामलों में पुलिस आरोपियों तक नहीं पहुंच पाती है, क्योंकि वह शातिर साइबर ठग ऐसी तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं और फर्जी पते पर धंधे को कर रहे हैं कि उनतक पहुंचना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है।

**साइबर ठगों तक पहुंचना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है**





### हर महीने लाखों करोड़ों का चूना लगा रहे हैं इन्वेस्टमेंट फ्रॉड

करंट क्राइम : गाजियाबाद साइबर थाने से मिली जानकारी के अनुसार हर महीने साइबर फ्रॉड के मामले बढ़ रहे हैं। तो इन्वेस्टमेंट फ्रॉड करने वाले लोगों को हर महीने करोड़ों लाखों का चूना लगा रहे हैं। बीते 15 दिन में ही 19 से अधिक ऐसे मामले आए हैं। जिनमें 10 लाख रुपए से अधिक की धनराशि साइबर इन्वेस्टमेंट फ्रॉड द्वारा नुकसान पहुंचाया गया है।

### महिलाओं और युवतियों के जरिए सोशल मीडिया से भी फैलाया जा रहा है साइबर ठगी का जाल

करंट क्राइम : गाजियाबाद साइबर क्राइम थाने के प्रभारी संतोष तिवारी बताते हैं कि महिलाओं और युवतियों के जरिए सोशल मीडिया के अलग-अलग प्लेटफार्म पर मैसेज ,लिंक और व्हाट्सएप कॉल के जरिए अलग-अलग लोगों को ठगने का जाल फैलती हैं।



पहले वह उनसे बातचीत करती हैं और फिर जब लोग उनपर भरोसा करने लगते हैं, तो पैसा डबल करने या कम समय में तीन और दो गुना मुनाफा करने के नाम पर मोटी रकम लेने के बाद रफ्फूचक्कर हो जाती हैं।

### मामला 01 शालीमार गार्डन में रहने वाली युवती से ठगे 18 लाख रुपए

करंट क्राइम : साहिबाबाद के शालीमार गार्डन थानाक्षेत्र में रहने वाली दीप्ति साहू नाम की युवती ने निवेश के नाम पर एक व्हाट्सएप ग्रुप में कई लोगों के साथ पहले बातचीत की। उसमें दो लोग शामिल थे, उन्होंने कुछ दिनों में ही 18% से अधिक का मुनाफा होने का दावा किया। उसको सबूत दिए, इसके बाद दीप्ति उनके झांसे में आ गई और उसने 18 लाख रुपए से अधिक का इन्वेस्टमेंट कर दिया और इन्वेस्टमेंट फ्रॉड करने वाले इस गैग ने इसके बाद नंबर बंद कर लिए फोन से संपर्क नहीं हुआ और जो इंटरनेट के संपर्क से वह भी डिलीट मिले। इसके बाद उसने साइबर थाने में शिकायत की, इस मामले की साइबर थाना पुलिस जांच कर रही है।

### मामला 02 शेयर ट्रेडिंग के नाम पर सिद्धार्थ विहार निवासी को ठगा

करंट क्राइम : इन्वेस्टमेंट फ्रॉड करने वाले लोगों को कम समय में कम अमाउंट लगाकर अधिक लाभ दिलवाने का झांसा देते हैं। सिद्धार्थ विहार में रहने वाले सुरेंद्र बाबू ने ट्रेडिंग में निवेश के नाम पर 28 लाख 65000 रूपये लगाए और वह साइबर इन्वेस्टमेंट फ्रॉड का शिकार हो गए। जब उन्हें खुद के ठगे जाने की जानकारी हुई, तो उन्होंने क्राइम ब्रांच और साइबर थाने में शिकायत दी, अब पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पिछले साल दर्ज हुए थे 368 साइबर अपराध के मुकदमे

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के अंतर्गत तीन जोन आते हैं। जिसमें ग्रामीण, सिटी और ट्रांस हिंडन जोन आता है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीते वर्ष साइबर क्राइम थाने में 368 मुकदमे दर्ज किए गए थे। जिसमें कुछ मामलों में पुलिस को सफलता मिली तो कई करोड़ रुपए की धनराशि गाजियाबाद पुलिस द्वारा फ्रीज कराने का भी काम किया गया था।

### बचना है साइबर क्राइम से तो देना होगा इन बातों पर ध्यान

करंट क्राइम : डिजिटल युग में साइबर फ्रॉड एक तेजी से बढ़ता खतरा बन गया है, जिससे निपटने के लिए दुनियाभर की कानून व्यवस्था एजेंसियां लगातार प्रयास कर रही हैं। पुलिस नागरिकों को साइबर अपराध से बचाने में अहम भूमिका निभाती है। साइबर थाना के अनुसार, साइबर धोखाधड़ी से निपटने के लिए ये महत्वपूर्ण सावधानियां अपनानी चाहिए।

1. **संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें**- किसी भी अनजान या अनवैरिफाइड सोर्स से आए लिंक या अटैचमेंट्स पर क्लिक न करें या उन्हें डाउनलोड न करें।
2. **डिजिटल वेडिंग इनविटेशन से सावधान**- हाल के मामलों में देखा गया है कि अज्ञात नंबरों से आने वाले डिजिटल शादी के निमंत्रण भी साइबर फ्रॉड का जरिया बन रहे हैं, इन पर क्लिक न करें।
3. **स्रोत की पुष्टि करें**- किसी भी लिंक पर क्लिक करने या अटैचमेंट डाउनलोड करने से पहले, ईमेल और मैसेज की प्रामाणिकता की जांच जरूर करें।
4. **संवेदनशील जानकारी साझा करने में सतर्क रहें**- पासवर्ड और ओटीपी जैसी गोपनीय जानकारी किसी से भी साझा न करें, चाहे सामने वाला कितना भी भरोसेमंद क्यों न लगे।
5. **पुलिस द्वारा कोई डिजिटल अरेस्ट नहीं होती**- अगर कोई डिजिटल अरेस्ट की बात कहे तो जान लें कि यह फ्रॉड है।
6. **डिजिटल ब्लैकमेल से डरें नहीं**- अगर कोई आपको ब्लैकमेल कर रहा है तो घबराएं नहीं, तुरंत पुलिस को सूचना दें।




7. **अनजान नंबरों को अनदेखा करें**- जिन मैसेज में इनाम मिलने या तत्काल कार्रवाई की बात हो और जो अज्ञात नंबरों से आए हों, उनसे सावधान रहें।
8. **समय बहुत अहम है**- साइबर फ्रॉड की घटनाओं में देरी से की गई पुलिस शिकायत से सबूत मिट सकते हैं और नुकसान बढ़ सकता है।
9. **अपने खाते की गतिविधि पर नजर रखें**- अपने बैंक स्टेटमेंट्स और ऑनलाइन ट्रांजेक्शनों की नियमित जांच करें ताकि किसी भी गड़बड़ी को समय रहते पकड़ा जा सके।
10. **खुद को और दूसरों को जागरूक करें**- नए साइबर फ्रॉड तरीकों की जानकारी रखें और इसे अपने परिवार व दोस्तों के साथ साझा करें।

# 50 हजार की पड़ी दरोगा को हथकड़ी

## एंटी करप्शन की टीम ने रंगेहाथों दबोचा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में ग्रामीण जोन की चौकी कलछीन के प्रभारी राजीव कुमार को एंटी करप्शन मेरठ की टीम ने गुरुवार को 50 हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

आरोपी दरोगा से मोदीनगर थाने में पूछताछ की गई। एंटी करप्शन की टीम ने शिकायतकर्ता इनामुल की सूचना पर योजना बना कर कार्रवाई की और आरोपी चौकी प्रभारी को गिरफ्तार कर ले गई। टीम ने उस दारोगा को दबोचा है और हथकड़ी लगाई है जो अब तक कई मुजरिमों को जेल पहुंचाने का काम कर चुका था।

### हथकड़ी पहनाकर ले गई टीम



### ग्रामीण जोन पुलिस पर लगातार हो रही है एंटी करप्शन की कार्रवाई

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एंटी करप्शन की टीमों के द्वारा देहात जोन के उपनिरीक्षकों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इससे पहले अंकुर विहार थाने का भी एक मामला प्रकाश में आया था। तो अब कलछीना चौकी प्रभारी राजीव के साथ भी इसी तरीके का केस हुआ है। इस मामले के बाद पुलिस के अन्य कर्मचारियों के होश उड़े हुए हैं।



### 2018 बैच का उप निरीक्षक है पकड़ा गया राजीव कुमार

करंट क्राइम : पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि कलछीना चौकी प्रभारी राजीव कुमार लगभग सवा महीने पहले ही इस चौकी पर पोस्ट हुआ था। वह वर्ष 2018 बैच का उप निरीक्षक है। बताया जा रहा है कि शिकायतकर्ता इनामुल ने फोन करके एक बजे चौकी का समय तय किया था। आते ही 50 हजार रुपये चौकी इंचार्ज की मेज पर रखे और हाथ मिलाने लगा। इसी बीच पीछे से एंटी करप्शन की टीम आई और रंगे हाथों उपनिरीक्षक राजीव को पकड़ लिया।

**सूत्रों से जानकारी मिली है कि कलछीना चौकी प्रभारी राजीव कुमार लगभग सवा महीने पहले ही इस चौकी पर पोस्ट हुआ था।**

# एनडीए के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार सीपी रामाकृष्णन से स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने की शिष्टाचार भेंट

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और एनडीए नेतृत्व का जताया आभार





**नई दिल्ली, करंट क्राइम।** एनडीए की ओर से उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन से गुरुवार को उत्तर प्रदेश ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने दिल्ली में मुलाकात की। इस दौरान ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लक्ष्मण भी मौजूद रहे। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने ओबीसी समाज के उपराष्ट्रपति प्रत्याशी की घोषणा होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और एनडीए नेतृत्व का हृदय से आभार प्रकट किया है। तो वही उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन से शिष्टाचार भेंट करते हुए उनका स्वागत भी किया।

### सीपी राधाकृष्णन का किया पुष्प गुच्छ देकर स्वागत

करंट क्राइम। गुरुवार को नई दिल्ली में पहुंचे उत्तर प्रदेश ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष और सरकार के मंत्री नरेंद्र कश्यप ने एनडीए की ओर से उपराष्ट्रपति पद के प्रत्याशी सीपी राधाकृष्णन का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। उनको अग्रिम शुभकामना दी और उनकी विजय के लिए समर्थन भी देने का काम किया है। इस दौरान ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लक्ष्मण, राष्ट्रीय महामंत्री श्री विनोद तावड़े जी सहित अन्य पदाधिकारियों भी साथ उपस्थित रहे।



### यह पूरे देश के ओबीसी समाज के लिए गौरव की बात

करंट क्राइम। उत्तर प्रदेश ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष और सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने एनडीए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सीपी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार घोषित करने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा यह निर्णय ना केवल ओबीसी समाज के गौरव को बढ़ाने वाला है ,बल्कि राष्ट्रीय समरसता और समान भागीदारी के संकल्प को भी सशक्त बनाने का काम कर रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदैव पिछड़ों और ओबीसी समाज के सम्मान और हक की बात की है।

# तीन दिन हो गए बिजेंद्र यादव को जेल गए हुए लेकिन कोई प्रमुख कांग्रेसी उनसे मिलने नहीं गया

## पूर्व मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि शुक्रवार को जमानत होने की संभावना है अगर नहीं होती है तो वे कार्यकर्ताओं के साथ जाएंगे मिलने

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इसे संगठन की गुटबाजी कहिए या कार्यकताओं की सक्रियता में कमी, कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष और वर्तमान में प्रदेश महासचिव बिजेंद्र यादव पिछले तीन दिनों से जेल में बंद है लेकिन अफसोस की बात यह है कि अभी तक कोई भी वरिष्ठ कांग्रेसी नेता या कार्यकर्ता उनसे मुलाकात करने या उनका हाल-चाल लेने डासना जेल नहीं पहुंचा है। 11 अगस्त को साहिबाबाद सब्जी मंडी में आयोजित आढतियों की एक बैठक के दौरान बिजेंद्र यादव ने मंडी समिति के सचिव और उनकी पत्नी को लेकर कुछ आपत्तिजनक बातें कही थी। मंडी समिति की पत्नी की ओर से डीजीपी को शिकायत पत्र देने के बाद मंगलवार को पुलिस ने बिजेंद्र यादव को गिरफ्तार कर डासना जेल भेज दिया। उन्हें अभद्र भाषा का प्रयोग करने और 151 के तहत जेल भेजा गया। रोचक बात यह है कि बिजेंद्र यादव को जेल में गए हुए 3 दिन हो गए लेकिन अभी तक ना तो जिला अध्यक्ष ना ही कोई पूर्व जन प्रतिनिधि और ना ही कोई सामान्य कार्यकर्ता उनसे मिलने गया है।



बिजेंद्र यादव गाजियाबाद कांग्रेस के एक बड़े नेता है और प्रियंका गांधी के बेहद करीबी माना जाता है। पिछले विधानसभा चुनाव में वह प्रत्याशी भी थे। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि भाजपा के एक सामान्य कार्यकर्ता को नंदग्राम पुलिस ने जब हवालात में बंद कर दिया था तो पूरी भाजपा इकाई ने पुलिस की नाक में दम कर रखी थी और कार्यकर्ता को हिरासत से बाहर निकाल लिया था । लेकिन यहां कांग्रेस के प्रदेश महासचिव और पूर्व जिला अध्यक्ष को तीन दिन जेल में काटने पड़े लेकिन कांग्रेसियों को कोई फर्क पड़ता दिखाई नहीं दे रहा है।

> **इस बारे में करंट क्राइम ने पूर्व मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सतीश शर्मा से बात की तो उन्होंने कहा कि कुछ गलतफहमियों के कारण वे और दूसरे कांग्रेसी नेता बिजेंद्र यादव से मुलाकात नहीं कर पाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने साहिबाबाद के पुलिस अधिकारी निमेष पाटिल से मुलाकात की थी और बिजेंद्र यादव को गिरफ्तार करने पर आपत्ति जताई थी। बिजेंद्र यादव की जमानत के लिए उनके परिवार गुरुवार को एसीपी कार्यालय गया था लेकिन वह नहीं मिले जिस कारण आज जमानत नहीं हो पाई। सतीश शर्मा ने कहा कि बिजेंद्र यादव की जमानत के लिए शुक्रवार को फिर अर्जी दी जाएगी। उम्मीद है कि शुक्रवार को उनकी जमानत हो जाएगी।**



इस बारे में करंट क्राइम ने पूर्व मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सतीश शर्मा से बात की तो उन्होंने कहा कि कुछ गलतफहमियों के कारण वे और दूसरे कांग्रेसी नेता बिजेंद्र यादव से मुलाकात नहीं कर पाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने साहिबाबाद के पुलिस अधिकारी निमेष पाटिल से मुलाकात की थी और बिजेंद्र यादव को गिरफ्तार करने पर आपत्ति जताई थी। बिजेंद्र यादव की जमानत के लिए उनके परिवार गुरुवार को एसीपी कार्यालय गया था लेकिन वह नहीं मिले जिस कारण आज जमानत नहीं हो पाई। सतीश शर्मा ने कहा कि बिजेंद्र यादव की जमानत के लिए शुक्रवार को फिर अर्जी दी जाएगी। उम्मीद है कि शुक्रवार को उनकी जमानत हो जाएगी। अगर जमानत नहीं होती है तो शुक्रवार को कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल जिसमें जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा डासना, महानगर अध्यक्ष वीर सिंह जाटव समेत कई नेता शामिल होंगे, वे डासना जेल जाकर बिजेंद्र यादव से मुलाकात करेंगे। सतीश शर्मा ने ने आरोप लगाया कि लोनी के विधायक नंदकिशोर गुर्जर के इशारे पर पुलिस ने कांग्रेस नेता को जेल भेजा है। जबकि इस मामले में दूसरे पक्ष के कई आरोपियों पर पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है।

वहीं कांग्रेस महानगर अध्यक्ष वीर सिंह जाटव ने कहा कि बिजेंद्र यादव के मामले में पुलिस और प्रशासन एक पक्षीय कार्रवाई कर रही है। जिन धाराओं में बिजेंद्र यादव को गिरफ्तार किया गया है उनकी जमानत एसीपी की अदालत से हो जाती है लेकिन जमानत की अर्जी के समय आपत्तियां लगाई जा रही है ताकि 14 दिनों तक न्यायिक हिरासत में रखा जा सके। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर प्रदेश नेतृत्व को पूरी जानकारी दी गई है। प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर आगे की रूपरेखा तय की जाएगी।

वहीं पूर्व प्रदेश सचिव नसीम खान ने कहा कि यह दुर्भाग्य की बात है कि जिला पुलिस प्रशासन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के साथ ऐसा व्यवहार कर रहा है और कांग्रेसी कार्यक्रम विरोध भी नहीं कर पा रहे है। प्रदेश में पूरी तरह तानाशाही चल रही है। साहिबाबाद सब्जी मंडी में गोली चलाने की घटना के कई आरोपी अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर है लेकिन पुलिस उन्हें पकड़ने की बजाय कांग्रेस के प्रदेश महासचिव पर कार्रवाई की।नसीम खान ने कहा कि वह संगठन सृजन बैठक के सिलसिले में फिलहाल लखनऊ में है, जिस कारण वे जेल जाकर प्रदेश महासचिव बिजेंद्र यादव से मुलाकात नहीं कर पा रहे हैं। वहीं कांग्रेस प्रवक्ता आशुतोष गुप्ता ने कहा कि पुलिस प्रशासन यह भूल रहा है कि आने वाले समय में सत्ता बदल भी सकती है।

## संपादकीय

# भारत और चीन राइट ट्रैक पर

चीन के विदेश मंत्री वांग यी की भारत यात्रा से दोनों देशों के रिश्तों में नई सहजता देखने को मिल रही है। भारत के नजरिये से यह बेहद अहम है कि चीन ने रेयर अर्थ मिनरल्स और फर्टिलाइजर्स के निर्यात पर लगाई बंदिशों में छूट देने पर हामी भर दी है। इन दोनों ही चीजों के लिए देश आयात पर निर्भर करता है। व्यापार के लिए सीमा के कुछ रास्ते खोलने का फैसला भी स्वागत योग्य है।

रेयर अर्थ की जरूरत । वांग यी ऐसे वक्त में भारत आए, जब पूरी दुनिया में समीकरण तेजी से बन-बिगड़ रहे हैं। दोनों देशों पर अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की टैरिफ नीतियों का असर पड़ा है और इसी वजह से उम्मीद भी थी कि इस दौरे से कुछ सकारात्मक हासिल हो सकता है। रेयर अर्थ मिनरल्स आज की टेक्नॉलजी की जरूरत हैं और इन पर लगभग पूरी तरह से चीन का कब्जा है। दुनिया की जरूरत की 90% सप्लाई चीन से आती है। इसमें भी 60% वह खुद प्रोड्यूस करता है। भारत भी अपनी जरूरत के लगभग 80% रेयर अर्थ के लिए चीन पर निर्भर है। चीन पर निर्भरता इस साल अप्रैल में पेइचिंग ने अमेरिकी नीतियों के विरोध में रेयर अर्थ एलिमेंट्स के निर्यात पर कड़ाई कर दी थी। इससे पूरी दुनिया में ऑटोमोटिव और डिफेंस सेक्टर पर असर पड़ा। भारत भी इससे प्रभावित हुआ। इसी तरह, फर्टिलाइजर्स के मामले में भी चीन पर निर्भरता बहुत ज्यादा है। 2024-25 में देश ने कुल आयात का 19.17% डाई-अमोनियम फास्फेट (ऊअढ) चीन से मंगाया था। भारतीय किसान यूरिया के बाद सबसे ज्यादा इस्तेमाल इसी खाद का करते हैं। समझ बनी । इस दौरे की अच्छी बात यह रही कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे की चिंताओं को समझा। जिन मुद्दों को लेकर हाल में आशंकाएं उठी हैं, उन पर खुलकर चर्चा हुई। भारत ने आतंकवाद और ब्रह्मपुत्र पर बन रहे बांध का मामला उठाया। वहीं, ताइवान पर चीन को आश्वस्त किया कि उसकी ह्यवन चाइना पॉलिसीह्न बदली नहीं है। बाकी दुनिया की तरह उसके भी ताइवान के साथ आर्थिक, तकनीकी और सांस्कृतिक संबंध हैं।

एक और मौका । भारत और चीन का रिश्ता ऐसा है, जिसके एकदम से गर्मजोशी से भर जाने की उम्मीद नहीं की जा सकती। दोनों के बीच सीमा विवाद का पुराना इतिहास है, बॉर्डर पर अब भी भारी संख्या में सैनिक आमने-सामने हैं, पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद का मसला भी है। अच्छी बात यह है कि दोनों देशों में संवाद जारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इसी 31 तारीख को चीन जाना है। रउड समिट से इतर उनकी मुलाकात चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग से भी होगी। तब एक बड़ा मौका होगा, जहां दोनों पड़ोसी आपसी सहयोग को नई दिशा दे सकते हैं।

## रोचक तथ्यों का करंट

- मिक्की माउस का इटली में नाम टोपोलिनो है।
- एक केकड़े का खून रंगहीन होता है। ऑक्सीजन मिलने के बाद यह नीला हो जाता है।
- पक्षियों को निगलने के लिए ग्रेविटी की जरूरत होती है।>
- अंग्रेजी अल्फाबेट का सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला लेटर ए है।
- विश्व की दो सबसे अधिक कॉमन इस्तेमाल होने वाली भाषाएं मैंड्रियन चायनीज, स्पैनिश और अंग्रेजी है।
- बिल्ली के हर कान में 32 मसल्स होते हैं।
- पर्थ ऑस्ट्रेलिया का ऐसा शहर है जहां सबसे तेज हवा बहती है।
- इंसान की सबसे छोटी हड्डी कान में होती है।
- बिल्लियां अपनी जिंदगी का 66% हिस्सा सोते हुए गुजारती हैं।
- स्विट्जरलैंड में दुनिया में सबसे अधिक चॉकलेट खाई जाती है। यहां हर व्यक्ति एक साल में 10 किलो के औसत से चॉकलेट खाता है।
- पैसा ऐसी पहले नंबर की चीज है जिसके बारे में जोड़े सबसे अधिक बहस करते हैं।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

# सरकार ने FY2025 तक असेट मोनेटाइजेशन के जरिए 1.42 लाख करोड़ रुपये जुटाए: नितिन गडकरी



**नई दिल्ली।** सरकार ने वित्त वर्ष 2025 तक राजमार्ग परिसंपत्तियों के मुद्रीकरण के अलग-अलग तरीकों से 1,42,758 करोड़ रुपये जुटाए हैं। गुरुवार को संसद में यह जानकारी दी गई। केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में बताया कि चालू वित्त वर्ष में परिसंपत्ति मुद्रीकरण से अनुमानित रूप से 30,000 करोड़ रुपये आए है। सरकार राजमार्ग परिसंपत्तियों का मुद्रीकरण तीन तरीकों से करती है- टोल ऑपरेट एंड ट्रांसफर (टीओटी), इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (इनविट) और सिक्योरिटाइजेशन (एसपीवी के माध्यम से परियोजना आधारित वित्तपोषण)। गडकरी ने कहा कि सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस उपचार योजना, 2025 (योजना) पायलट कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस दौरान छह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मार्च 2024 से होने के बाद से 31 जुलाई, 2025 तक 4,971 सड़क दुर्घटना पीड़ितों का इलाज किया गया है। सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस उपचार योजना, 2025 (योजना) को अखिल भारतीय स्तर पर अधिसूचित किया गया है। इस योजना के तहत, मोटर वाहन के उपयोग के कारण हुई सड़क दुर्घटना का शिकार होने वाले किसी भी व्यक्ति को देश भर में किसी भी निर्दिष्ट अस्पताल में दुर्घटना की तारीख से अधिकतम 7 दिनों की सीमा के अधीन, प्रति पीड़ित 1.5 लाख रुपये तक के उपचार का कवर मिलेगा।

# एअर इंडिया व एअर इंडिया एक्सप्रेस को उठाना पड़ा 9568 करोड़ का घाटा



**नई दिल्ली।** टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया को कर से पहले 3,890.2 करोड़ रुपये का घाटा हुआ, जबकि इसकी कम लागत वाली शाखा एयर इंडिया एक्सप्रेस, जो लंबे समय से लाभदायक थी, ने 2024-25 में 5,678.2 करोड़ रुपये का घाटा दर्ज किया। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस को मार्च 2025 को समाप्त वित्त वर्ष में कर से पहले कुल मिलाकर 9,568.4 करोड़ रुपये का घाटा हुआ।

पिछले वित्त वर्ष में, अकासा एअर और स्पाइसजेट ने कर से पहले 1,983.4 करोड़ रुपये और 58.1 करोड़ रुपये का घाटा दर्ज किया, जबकि इंडिगो को कर से पहले 7,587.5 करोड़ रुपये का लाभ हुआ। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने गुरुवार को लोकसभा में एक लिखित उत्तर में ये आंकड़े साझा किए। हालांकि, ये आंकड़े अस्थायी हैं। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एअर इंडिया को कर से पहले 3,890.2 करोड़ रुपये का घाटा हुआ, जबकि इसकी कम लागत वाली शाखा एअर इंडिया एक्सप्रेस, जो लंबे समय से लाभदायक थी, ने 2024-25 में 5,678.2 करोड़ रुपये का घाटा दर्ज किया। घाटे में चल रही एअर इंडिया और मुनाफे में चल रही एअर इंडिया एक्सप्रेस का जनवरी 2022 में टाटा समूह ने अधिग्रहण कर लिया था। आंकड़ों के अनुसार, एअर इंडिया का कर्ज 26,879.6 करोड़ रुपये था, जबकि इंडिगो का कर्ज 67,088.4 करोड़ रुपये था। आंकड़ों के अनुसार, एअर इंडिया एक्सप्रेस, अकासा एयर और स्पाइसजेट का कर्ज क्रमशः 617.5 करोड़ रुपये, 78.5 करोड़ रुपये और 886 करोड़ रुपये था।

मोहोल ने लिखित उत्तर में कहा, मार्च 1994 में एअर कॉरपोरेशन अधिनियम के निरस्त होने के साथ ही भारतीय घरेलू विमानन नियंत्रण मुक्त हो गया है। संसाधन जुटाने और ऋण पुनर्गठन सहित वित्तीय और परिचालन संबंधी निर्णय, वाणिज्यिक विचारों के आधार पर संबंधित एयरलाइनों की ओर से प्रबंधित किए जाते हैं।

## चुटकुले

एक लड़का इंटरनेट पर सर्च करते हुए लिखता है।
'हाऊ टु इंप्रेस अ गर्ल इफ वीक इन इंग्लिश जवाब मिला...
ओए, सुधर जाओ, खेती बाड़ी कर लेओ जेमे फायदा,
मोड़ी पटावे में कछु नाई धरो, जायदाद बिक जेहे जे चक्करन मा, और जूता पड़िहैं, वै अलग।

---

राकेश- यार तू अपनी बीवी को किस नाम से बुलाता है?
रमेश- गूगल
राकेश- ये कैसा नाम हुआ।
रमेश- क्या करूं, सवाल एक करता हूं और जवाब 100 मिलते हैं।

---

पिता- नालायक, तू फिर फेल हो गया, आज से कभी मुझे पापा मत कहना
टीटू- ओह कमऑन डैड, स्कूल टेस्ट ही तो था, कोई डीएनए टेस्ट थोड़ी न था।

# उतार-चढ़ाव के बाद हरे निशान में बंद हुआ बाजार, सेंसेक्स 142 अंक चढ़ा

**नई दिल्ली।** गुरुवार को शेयर बाजार मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 142.87 अंक उछलकर 82000.71 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 33.20 अंक की बढ़त के साथ 25,083.75 पर बंद हुआ। शेयर बाजारों में गुरुवार को लगातार छठे दिन तेजी का सिलसिला जारी रही। इसमें आईसीआईसीआई बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में खरीदारी का जोर रहा। बाजार विशेषज्ञों ने कहा कि प्रस्तावित जीएसटी सुधारों और हाल ही में क्रेडिट रेटिंग में सुधार से निवेशकों का विश्वास बढ़ा है।



निवेशकों का ध्यान जैक्सन होल संगोष्ठी में अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल के आगामी वक्तव्यों की ओर भी गया। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 143.87 अंक या 0.17 प्रतिशत उछलकर 82000.71 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 373.33 अंक या 0.45 प्रतिशत बढ़कर 82,231.17 पर पहुंच गया।

### सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स प्रमुख लाभ में रहीं। वहीं पावर ग्रिड, इटरनल, हिंदुस्तान यूनिलीवर और अदानी पोर्ट्स पिछड़ने वालों में शामिल रहे।

### यूरोपीय बाजारों में दिखी गिरावट

एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी और शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक सकारात्मक दायरे में बंद हुए, जबकि जापान का निक्केई 225 सूचकांक और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजारों में गिरावट देखी गई। बुधवार को अमेरिकी बाजार अधिकतर गिरावट के साथ बंद हुए।

### ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़कर 67.44 डॉलर प्रति बैरल पहुंचा

मानक ब्रेंट क्रूड 0.90 प्रतिशत बढ़कर 67.44 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 1,100.09 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 1,806.34 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# शिक्षक दिवस व मोदी जन्मदिवस पर भव्य आयोजन होंगे : पायलट राकेश त्यागी

## छह राज्यों के शिक्षाविद होंगे सम्मानित, छात्र प्रस्तुत करेंगे प्रोजेक्ट्स





**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय शिक्षण संस्थान संगठन की कार्यकारिणी की बैठक गुरुकुल द स्कूल में आयोजित हुई, जिसमें आगामी आयोजनों को लेकर रणनीति तय की गई। बैठक में निर्णय हुआ कि शिक्षक दिवस (13 सितंबर) को राष्ट्रीय प्रेरणा सम्मान समारोह 2025 भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस (17 सितंबर) से लेकर 2 अक्टूबर तक सेवा सप्ताह के रूप में विशेष कार्यक्रम होंगे।

बैठक में यह सहमति बनी कि सम्मान समारोह में छह राज्यों के शिक्षाविदों को सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही विद्यालय स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में लिए गए महत्वपूर्ण फैसलों व उपलब्धियों : जैसे अनुच्छेद 370 की समाप्ति, महिला आरक्षण, मिशन चंद्रयान, राम मंदिर निर्माण, नया संसद भवन, स्टैचू ऑफ यूनिटी, भारत मंडपम, वार मेमोरियल व जी-20 शिखर सम्मेलन पर प्रोजेक्ट्स तैयार कर प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इस प्रदर्शनी में वरिष्ठ कक्षाओं के छात्रझ छात्राएं व शिक्षक शामिल होंगे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष पायलट राकेश त्यागी ने कहा कि दोनों ही आयोजन प्रेरणादायी व ऐतिहासिक बनाने के लिए संगठन हरसंभव प्रयास करेगा। बैठक में महासचिव सचिन वत्स सहित कार्यकारिणी के पदाधिकारी वी.एम. त्यागी, अखिलेश द्विवेदी, राजीव त्यागी, सुरेंद्र वर्मा, सुबोध त्यागी, पुनीत लोधी, योगराज नगर, नीरज शर्मा, स्वरूप चंद शर्मा, मीनाक्षी पादि, स्मिता मिश्रा, रामेश्वर निर्माण, योगेंद्र सिंह, देवेंद्र यादव, सुमित त्यागी, सुरेश सैनी, ललित त्यागी, अर्चित त्यागी व विवेक राठौर मौजूद रहे।

# वाल्मीकि सभा की भव्य तिरंगा यात्रा नेताओं ने दिया एकता का संदेश





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** स्वतंत्रता दिवस सप्ताह के अवसर पर अखिल भारतीय वाल्मीकि सभा के तत्वावधान में महर्षि वाल्मीकि पार्क, नवयुग मार्केट से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, महापौर सुनीता दयाल, शहर विधायक संजीव शर्मा और मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी ने संयुक्त रूप से किया।

यात्रा के संयोजक प्रदीप चौहान और उनकी टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए सभी नेताओं ने इसे राष्ट्रप्रेम और सामाजिक एकता का प्रतीक बताया। मयंक गोयल ने कहा कि तिरंगा यात्रा केवल ध्वज सम्मान नहीं बल्कि राष्ट्रहित सर्वोपरि का संकल्प है। सुनीता दयाल ने इसे स्वतंत्रता संग्राम के बलिदानों की गाथा से जोड़ते हुए कहा कि यह आयोजन समाज को देशभक्ति से सराबोर करता है। संजीव शर्मा ने कहा कि वाल्मीकि समाज का योगदान हमेशा राष्ट्र निर्माण और सामाजिक एकता में रहा है।

अजीत पाल त्यागी ने इसे त्याग और संस्कार की प्रेरणा बताया। तिरंगा यात्रा वाल्मीकि पार्क से निकलकर घंटाघर स्थित शहीद भगत सिंह प्रतिमा तक पहुंची, जहां माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। यात्रा में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, समाजसेवी और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। देशभक्ति के जयघोष से वातावरण गूंज उठा और तिरंगे के प्रति समर्पण का संदेश जन-जन तक पहुँचा।

## एशिया कप के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम का एलान

# हांगझोउ में टीम इंडिया का नेतृत्व करेंगी सलीमा टेटे



**नई दिल्ली।** अनुभवी मिडफील्डर सलीमा टेटे को चीन के हांगझोउ में पांच से 14 सितंबर तक होने वाले एशिया कप के लिए गुरुवार को 20 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान बरकरार रखा गया। यह टूनामेंट काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसका विजेता 2026 एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप के लिए क्वालिफाई करेगा। भारत को पूल बी में रखा गया है जहां उसका सामना जापान, थाईलैंड और सिंगापुर से होगा। टीम अपने अभियान की शुरूआत पांच सितंबर को थाईलैंड के खिलाफ करेगी और फिर छह सितंबर को जापान से भिड़ेगी।

भारत अपना अंतिम पूल मैच आठ सितंबर को सिंगापुर के खिलाफ खेलेगा। हॉकी इंडिया द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा, 'हांगझोउ में होने वाले महिला एशिया कप के लिए हमने जो टीम चुनी है उसे लेकर हम उत्साहित हैं।' सलीमा पिछले साल कप्तान नियुक्त होने के बाद से टीम का अभिन्न अंग रही हैं।

हरेंद्र ने कहा, 'यह टीम कड़ी मेहनत से प्रशिक्षण ले रही है और हमने अनुभवी खिलाड़ियों तथा युवा प्रतिभाओं के बीच सही संतुलन बनाने की कोशिश की है।' उन्होंने कहा, 'हमारा ध्यान आक्रामक और अनुशासित हॉकी खेलने पर होगा और हमारा मानना है कि यह टीम एशिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ मजबूती से मुकाबला करने की क्षमता रखती है।' टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का संतुलित मिश्रण है जिसमें गोलकीपिंग की जिम्मेदारी बंसारी सोलंकी और बिचु देवी खारीबाम पर होगी। रक्षा पंक्ति में निक्की प्रधान और उदिता जैसी अनुभवी खिलाड़ी होंगी जिनका साथ युवा मनीषा चौहान, ज्योति, सुमन देवी थोडम और इशिका चौधरी देंगी। मिडफील्ड में नेहा, सलीमा, लालरेमसियामी, शर्मिला देवी, सुनेलिटा टोप्पो और वैष्णवी विट्ठल फाल्के जैसी मजबूत खिलाड़ी हैं। अग्रिम पंक्ति में अनुभवी और उभरते सितारों का मिश्रण है जिसमें नवनीत कौर, संगीता कुमारी, मुमताज खान, दीपिका, ब्यूटी डुंगडुंग और रुतजा दादासो पिसल शामिल हैं। हालांकि अनुभवी खिलाड़ी सविता और सुशीला चानू टीम का हिस्सा नहीं हैं। ये दोनों एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में खेली थी।

# रणजी टूर्नामेंट से पहले मुंबई की टीम को बड़ा झटका, अजिंक्य रहाणे ने कप्तानी छोड़ी



**मुंबई।** लंबे घरेलू सत्र से पहले मुंबई क्रिकेट और उसके फैंस के लिए झटका देने लायक खबर सामने आई है। अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने आगामी रणजी ट्रॉफी सीजन से पहले कप्तानी पद से इस्तीफा दे दिया है। सोशल मीडिया पर दिए संदेश में रहाणे ने स्पष्ट किया कि यह वह समय है जब टीम में नए नेतृत्व को विकसित करने का मौका मिलना चाहिए।

रहाणे ने लिखा, 'मुंबई टीम का नेतृत्व करना और टूर्नामेंट जीतना मेरे लिए एक बहुत बड़ा सम्मान था। अब जब एक नया घरेलू सत्र शुरू होने वाला है और मुझे लगता है कि नई जिम्मेदारियों के लिए नई कप्तानी को तैयार करना जरूरी है। इसलिए मैंने कप्तानी छोड़ने का निर्णय लिया है। मैं बल्लेबाज के रूप में पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं और मुंबई की ओर से खेलना जारी रखूंगा, ताजा ट्रॉफी जीतने का लक्ष्य है।'

### कप्तानी में उनकी उपलब्धियां

रहाणे की कप्तानी में मुंबई ने घरेलू क्रिकेट में स्थिरता और सफलता हासिल की। उनके नेतृत्व में मुंबई ने 2023-24 में रणजी ट्रॉफी जीतकर सात साल का सूखा खत्म किया था। इसके अलावा, उन्होंने 2024-25 में ईरानी कप और 2022-23 में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भी टीम को जीत दिलाई। इन जीतों ने उनकी कप्तानी को एक नई ऊंचाई दी।

कप्तानी छोड़ने के बावजूद, 37 वर्षीय इस खिलाड़ी ने, जिन्होंने 201 प्रथम श्रेणी मैचों में 14,000 से ज्यादा रन बनाए हैं, स्पष्ट किया कि वह संन्यास नहीं ले रहे हैं। वह सभी प्रारूपों में बल्लेबाज के रूप में मुंबई का प्रतिनिधित्व करते रहेंगे। रहाणे ने बताया कि वह टीम के लिए एक बल्लेबाज की भूमिका में, पूरे जोश और प्रतिबद्धता के साथ अपना कार्य करेंगे। उनका मूल लक्ष्य टीम को सफलता दिलाना और नए कप्तान के निर्माण में सहयोग देना है।

मुंबई टीम के पास अब सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, यशस्वी जइसवाल और सरफराज खान जैसे खिलाड़ियों का समूह मौजूद है, जिनमें नेतृत्व क्षमता भी है। यह कदम आने वाले समय के लिए टीम को नई दिशा देने वाला माना जा रहा है। श्रेयस इस रेस में सबसे आगे माने जा रहे हैं।

रहाणे ने आईपीएल 2025 में आखिरी बार प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेला था। उस टूनामेंट में उन्होंने 13 मैचों में 390 रन बनाए थे। मुंबई की कप्तानी छोड़ने के उनके फैसले के साथ, यह भी सवाल उठने लगा है कि क्या केकेआर उन्हें अगले सीजन के लिए कप्तान बनाए रखेगा?

# इरानी-वावसोरी फिर बने अमेरिकी ओपन मिश्रित युगल चैंपियन, फाइनल में स्वियातेक-रूड की जोड़ी को हराया



**वाशिंगटन।** सारा इरानी और एंड्रिया वावसोरी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बुधवार की रात को खेले गए एक कड़े फाइनल में जीत दर्ज करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपना मिश्रित युगल खिताब बरकरार रखा।

इटली की इस जोड़ी ने फाइनल में इगा स्वियातेक और कैस्पर रूड को 6-3, 5-7 (10-6) से हराया। इस तरह से उन्होंने दो दिनों में चार मैच जीतकर 10 लाख डॉलर की इनामी राशि हासिल की जो पिछले साल उन्हें मिली पुरस्कार राशि से कहीं अधिक है। इरानी और वावसोरी उन कई खिलाड़ियों में शामिल थे जिन्होंने पहले इस नए प्रारूप की आलोचना की थी लेकिन चैंपियन बनने के बाद उनके चेहरे पर मुस्कान थी और उन्होंने दर्शकों का भी आभार व्यक्त किया।

वावसोरी ने कहा, 'मुझे लगता है कि इतने सारे दर्शकों के सामने इस कोर्ट में खेलना अद्भुत था और मैं इस माहौल के लिए तहे दिल से शुक्रिया अदा करना चाहता हूं।' इससे पहले स्वियातेक और रूड की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने पहले सेमीफाइनल में टाईब्रेकर में शीर्ष वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला और जैक ड्रैपर को 3-5, 5-3, 10-8 से हराया।

इसके बाद दूसरे सेमीफाइनल में इरानी और वावसोरी ने डेनियल कोलिन्स और क्रिश्चियन हैरिसन को 4-2, 4-2 से पराजित किया। अमेरिकी ओपन में एकल मुकाबले 24 अगस्त से शुरू होंगे।

# महिला वनडे विश्व कप के लिए इंग्लैंड ने घोषित की टीम, हीथर की वापसी; ग्लेन-व्याट को भी मौका



**इंग्लैंड।** इंग्लैंड ने महिला वनडे विश्व कप गुरुवार को 15 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। पूर्व कप्तान हीथर नाइट की इस तरह टीम में वापसी हुई है। हीथर चोट के कारण पिछले कुछ महीनों से बाहर चल रही थीं। उनके अलावा भारत के खिलाफ सीरीज से बाहर रहीं साराह ग्लेन और डेनी व्याट-हॉज को भी टीम में शामिल किया गया है। महिला विश्व कप का आयोजन 30 सितंबर से भारत और श्रीलंका में होना है।

### कप्तान के तौर पर ब्रंट का पहला आईसीसी टूर्नामेंट

इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के अनुसार हीथर को टीम में शामिल किया गया है लेकिन उनकी चोट से उबरने की प्रक्रिया जारी है और उन्हें 30 सितंबर से दो नवंबर तक होने वाले टूर्नामेंट के लिए पूरी तरह फिट होने की उम्मीद है। टीम में शामिल चार विशेषज्ञों स्पिनरों में से ग्लेन एक हैं। वह उन छह खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें पहली बार विश्व कप टीम में जगह मिली है। यह कप्तान के रूप में नैट स्किवर-ब्रंट की पहली आईसीसी प्रतियोगिता होगी। दुनिया की नंबर एक वनडे बल्लेबाज स्किवर-ब्रंट को अप्रैल में सभी प्रारूप का कप्तान नियुक्त किया गया था।

व्याट-हॉज की भी टीम में वापसी हुई है। वह इंग्लैंड की ओर से पिछली बार 50 ओवर के प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया में एशेज सीरीज में हार के दौरान खेली थी। केट क्रॉस, माइया बूचियर और एलिस डेविडसन-रिचड्र्स को टीम में जगह नहीं मिली है। यह टूनामेंट नई कप्तान स्किवर-ब्रंट और मुख्य कोच चार्लोट एडवड्र्स में मार्गदर्शन में देश का पहला विश्व कप होगा। ऑस्ट्रेलिया ने 2022 के फाइनल में इंग्लैंड को हराकर खिताब जीता था।

एडवड्र्स ने कहा, विश्व कप में अपने देश के लिए खेलना खेल जगत के सबसे बड़े सम्मान में से एक है और मैं टीम में शामिल सभी खिलाड़ियों के लिए बहुत खुश हूं। सभी वैश्विक टूर्नामेंटों की तरह यह एक बड़ी चुनौती होगी लेकिन हम भारत में जितना हो सके उतना आगे बढ़ना चाहते हैं और मेरा मानना है कि अगर हम अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलेंगे तो हम किसी से भी मुकाबला कर सकते हैं।

# पार्षद राजकुमार भाटी ने सुनी वार्ड के लोगों की समस्या, हुआ समाधान





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वैशाली के वार्ड नंबर-89 के पार्षद राजकुमार भाटी ने एक कार्यक्रम कर सेक्टर-5 सहयोग सोसायटी में लोगों की समस्याएं सुनीं व उनको आश्वासन दिया कि जल्दी ही सभी समस्याओं पर कार्य किया जाएगा। वार्ड के लोगों ने सबसे बड़ी समस्या गंदे पानी की बताई, जिस पर पार्षद राजकुमार भाटी ने बताया कि अधिकारियों का ढीला रवैया इसके लिए जिम्मेदार है। सरकार ने हर घर स्वच्छ पानी देना का वादा किया है जिसे पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा पानी की लाइन बदलने का स्टिमेट बनवा दिया गया है। जल्द ही 700 मीटर की पानी की लाइन बदली जाएगी। पार्षद राजकुमार भाटी ने कहा कि सेक्टर की सभी समस्याओं का समाधान स्थायी तौर पर करवाया जाएगा।

# भारतीय टीम को एशिया कप में खेलने से नहीं रोकेगी सरकार



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम को अगले महीने एशिया कप में हिस्सा लेना है। अब इसे लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। न्यूज एजेंसी पीटीआई के हवाले से खेल मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि सरकार भारत को एशिया कप में हिस्सा लेने से नहीं रोकेगी। भारत को इस टूर्नामेंट में 14 सितंबर को पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबला भी खेलना है जिसे लेकर काफी विवाद भी हो रहा है।

### 'बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट में खेलने से नहीं रोक सकते'

खेल मंत्रालय के सूत्रों का कहना है कि भारत और पाकिस्तान की टीमें द्विपक्षीय मुकाबला नहीं खेलती हैं, लेकिन टीम को एशिया कप जैसे बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट में खेलने से नहीं रोका जा सकता। मंत्रालय ने भारत की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के संबंध में नई नीति का अनावरण किया जिसे पाकिस्तान पर विशेष ध्यान रखकर बनाया गया है। सूत्रों ने बताया कि यह नीति तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है।

सूत्रों ने कहा, हम भारतीय क्रिकेट टीम को एशिया कप में खेलने से नहीं रोकेंगे क्योंकि यह बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट है। लेकिन पाकिस्तान को भारतीय जमीन पर द्विपक्षीय मुकाबले के लिए मंजूरी नहीं दी जाएगी। लेकिन हम उन्हें बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट में खेलने से नहीं रोकेंगे क्योंकि हम ओलंपिक चार्टर से बंधे हुए हैं। सूत्र ने कहा, हम भारतीय क्रिकेट टीम को एशिया कप में खेलने से नहीं रोक सकते क्योंकि यह कई देशों का टूर्नामेंट है। जब तक पाकिस्तान मेजबान नहीं है, हम टीम को खेलने से नहीं रोक सकते। वैसे भी हमारे नहीं खेलने से पाकिस्तान को ही फायदा होगा। हमें उसे हराना है सीमा पर भी और खेल के मैदान पर भी।

नीति से स्पष्ट है कि 2030 राष्ट्रमंडल खेल और 2036 ओलंपिक की मेजबानी का इच्छुक भारत ओलंपिक चार्टर का पालन करेगा ताकि बड़े टूर्नामेंटों के संभावित मेजबान के रूप में खुद को स्थापित कर सके। यही वजह है कि भारत सरकार ने अगले महीने बिहार में होने वाले एशिया कप के लिये पाकिस्तानी हॉकी खिलाड़ियों को वीजा देने पर मंजूरी जताई हालांकि पाकिस्तान ने सुरक्षा कारणों से आने से इनकार कर दिया।

भारत ने हाल ही में एशिया कप के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम घोषित की थी। भारत इस टूर्नामेंट में सूर्यकुमार यादव की अगुआई में खेलने उतरेगा। इस टीम के उपकप्तान शुभमन गिल होंगे। भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबले को लेकर रोष देखने मिला है। अप्रैल में पहलगाम में हुए आतंकी हमलों के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के नाम से सैन्य अभियान चलाया था जिसके बाद दोनों देशों के बीच रिश्ते बिगड़ गए थे। इसी को देखते हुए हरभजन सिंह और केदार जाधव जैसे कई पूर्व क्रिकेटरों ने पाकिस्तान के साथ एशिया कप में नहीं खेलने की अपील की थी।

### अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए नई नीति का अनावरण

मंत्रालय की इस नीति में कहा गया है, पाकिस्तान से जुड़े खेल टूर्नामेंट के प्रति भारत का दृष्टिकोण उस देश के साथ व्यवहार करने की उसकी समग्र नीति को दशार्ता है। जहां तक एक-दूसरे के देश में द्विपक्षीय खेल प्रतियोगिताओं का संबंध है तो भारत की टीमें पाकिस्तान में प्रतियोगिताओं में भाग नहीं लेंगी और ना ही हम पाकिस्तान की टीमों को भारत में खेलने की अनुमति देंगे। हालांकि, बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट प्रभावित नहीं होंगे।

### तीन बार हो सकती है दोनों टीमों की भिड़ंत

भारतीय टीम को पाकिस्तान के खिलाफ 14 सितंबर को दुबई में ग्रुप चरण का मैच खेलना है। यह पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार होगा जब दोनों चिर प्रतिद्वंद्वी टीमें एक दूसरे के सामने होंगी। भारत और पाकिस्तान की टीमें एशिया कप में तीन बार भिड़ सकती हैं। ग्रुप चरण के बाद दोनों टीमें सुपर चार चरण और फाइनल में भी भिड़ सकती है।

### यूएई के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगा भारत

एशिया कप का आयोजन नौ से 28 सितंबर तक यूएई में होना है। भारतीय टीम एशिया कप में अपने अभियान की शुरूआत 10 सितंबर को यूएई के खिलाफ करेगी। इसके बाद 14 सितंबर को उसका मैच पाकिस्तान के साथ होगा और फिर ग्रुप चरण में उसका आखिरी मुकाबला 19 सितंबर को ओमान से खेला जाएगा।

# विश्व चैंपियनशिप से पहले सभी महिला मुक्केबाजों का होगा लिंग परीक्षण



**नई दिल्ली।** ओलंपिक शैली की मुक्केबाजी की नियामक संस्था 'वर्ल्ड बॉक्सिंग' अगले महीने होने वाली विश्व चैंपियनशिप में महिला वर्ग में प्रतिस्पर्धा करने वाली सभी मुक्केबाजों के लिए लिंग परीक्षण अनिवार्य करेगी। 'वर्ल्ड बॉक्सिंग' (विश्व मुक्केबाजी) ने पहले ही अपनी योजना की घोषणा कर दी है जिसके तहत प्रतियोगियों को जन्म के समय के लिंग का निर्धारण करने के लिए पॉलीमरेज चेन रिएक्शन टेस्ट या उसी तरह के आनुवंशिक स्क्रीनिंग टेस्ट से गुजरना होगा।

### वर्ल्ड बॉक्सिंग ने की घोषणा

'वर्ल्ड बॉक्सिंग' ने बुधवार को घोषणा की कि ये नियम सितंबर की शुरूआत में इंग्लैंड के लिवरपूल में होने वाली विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप से पहले लागू किए जाएंगे। इन परीक्षण से जैविक लिंग के सूचक के रूप में वाई गुणसूत्र की उपस्थिति या अनुपस्थिति की पहचान की जाती है। 'वर्ल्ड बॉक्सिंग' के अध्यक्ष बोरिस वान डेर वोर्स्ट ने कहा, 'विश्व मुक्केबाजी सभी खिलाड़ियों की गरिमा का सम्मान करती है।

### रेरा से जुडे मामलों के निस्तारण के लिए प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स की अनूठी पहल

# पहले दिन प्राप्त हुई 20 शिकायतें, दो का मौके पर किया निस्तारण तथा 15 शिकायतों के लिए तय की गयी समय सीमा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नक्शा समाधान दिवस की तर्ज पर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के द्वारा रेरा से जुडे मामलों के निस्तारण की दिशा में पूर्व से तय कार्यक्रम के अनुसार प्राधिकरण के सभागार कक्ष में आयोजित 'रेरा समाधान दिवस ' कार्यक्रम के दौरान कुल 20 शिकायतकर्ता पहुंचे। दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया और शिकायतकर्ताओं के द्वारा रेरा से केस समाप्त करने की सहमति के लिए हल्फनामा दिया गया। इस दौरान कुछ शिकायतकर्ताओं का तर्क था कि यदि उनकी शिकायतों का समय रहते निस्तारण कर दिया जाता है, तो वह केस वापस लेने के लिए हल्फनामा प्रस्तुत करने के लिए सहमत हैं। उदाहरण स्वरूप इंद्रप्रस्थ योजना से जुडे आवंटी राजेंद्र सिंह, चंद्र शिला अपार्टमेंट से जुडी आवंटी खुशबू सिंघल, ऋचा सिंघल का तर्क था कि उनके प्रकरणों में रेरा से जारी आरसी का पेमेंट यदि कर दिया जाता है तो वह केस समाप्त करने के लिए सहमत हैं। इसी तरह पंकज गोयल की इंद्रप्रस्थ योजना में भवन पर कब्जा दिए जाने से जुड़ी शिकायत थीं, उनका तर्क था कि प्राधिकरण उन्हें यदि समय रहते कब्जा उपलब्ध करा दिया जाता है तो वह मामले को वापस लेने को तैयार है।

### इंद्रप्रस्थ योजना में प्राधिकरण लगाएगा कैंप मौके पर होगी सुनवाई

**करंट क्राइम।** प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने निर्देश दिए कि इंद्रप्रस्थ आदि योजनाओं में कैंप लगाते हुए न केवल आवंटियों की समस्याओं को सुना जाए, बल्कि उनका प्राथमिकता के साथ निस्तारण किया जाए। कैंप की व्यवस्था से आवंटियों से तालमेल भी बना रहेगा, साथ ही वाट्सअप ग्रुप बनाकर सभी से तालमेल रखा जाए। रेरा से जुड़े मामले रखने के लिए सुबह 10 से दो बजे तक का समय रखा गया था। इसी तरह हर माह के तीसरे वृहस्पतिवार को रेरा समाधान दिवस का आयोजन किया जाता रहेगा। उक्त बैठक सभी संयुक्त सचिव, अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, विधि अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों की मौजूदगी रही।

### आवंटियों की समस्याओं का समय रहते निस्तारण न किए जाने पर संबंधित अधिकारियों को फटकार

**करंट क्राइम।** प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने लंबित कार्रवाई के लिए अधीनस्थ अधिकारियों को फटकार लगाते हुए निर्देश दिए कि अगले समाधान दिवस के आयोजन से पूर्व ही इन सभी प्रकरणों का निस्तारण नियमत: करा दिया जाए। इस दौरान ये भी सामने आया कि यदि आवंटियों को मूलभूत सुविधाएं तथा उनकी समस्याओं को ध्यान दिया जाए, तो उन्हे रेरा मे केस करने की जरूरत ही ना हो।

इसी तरह से जयवीर सिंह का मधुबन बापू धाम योजना में कब्जा और रजिस्ट्री से जुड़ी शिकायत थीं, जयवीर सिंह के द्वारा भी समय से कब्जा दिए जाने के साथ रजिस्ट्री कराए जाने की स्थिति मे केस वापस लेने की सहमति दी। रेरा से जुड़े प्रकरणों के निस्तारण के दौरान खुद प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स उपस्थिति रहे।

### पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय बसंतपुर

# सैतली में सम्मान समारोह सम्पन्न





**मुरादनगर, करंट क्राइम।** पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय बसंतपुर सैतली, ब्लॉक मुरादनगर में साथी फाउंडेशन और रेडीको खेतान के सहयोग से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। वार्षिक परीक्षा 2024-25 में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं को विशेष पुरस्कार दिए गए। मुख्य अतिथि ओ.पी. यादव (जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी) ने मंच से बच्चों को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। साथी फाउंडेशन की निदेशक काजल छिब्बर ने विद्यालय को दो ब्लैक बोर्ड स्टैंड भेंट किए और सभी बच्चों के लिए जलपान की व्यवस्था कराई। इस मौके पर जिला व्यायाम शिक्षक राजकुमार भी मौजूद रहे। प्रधानाध्यापिका अलका परिहार ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों का आत्मविश्वास और प्रेरणा बढ़ती है। समारोह में रमा, नीलम, मोनिका सिंह, सरिता, संजय, अन्नू, अनित यादव, शिखा, नीतू शर्मा, रेनू सहित अभिभावक व शिक्षक उपस्थित रहे।




### हुआ है ये डिसीजन नहीं रहेंगे एक दूसरे के अपोजिशन

मोहल्ले से शुरू हुई भगवा रार थाने तक पहुंच गई। इधर से बड़े साहब और उधर से बड़ी मैडम ने भी मोर्चा संभाला। सुना है कि फूल वालों का मैटर थाने में निपट गया है। ये डिसीजन हुआ है कि अब कोई भी एक दूसरे का अपोजिशन नहीं करेगा। कमल वाले बता रहे हैं कि कमाल तो ये हो गया कि जो पक्ष लड़े हैं उनमें से एक पक्ष चुनाव लड़ा है और दूसरे पक्ष ने चुनाव लड़वाया है। वाहन चालक की माता भी भाजपाई है और वो महिला मोर्चा की मंत्री भी रही हैं। अब किस बात को लेकर विवाद का अभिषेक हुआ ये तो राम जाने। लेकिन जब थाने में पटाक्षेप हुआ तो मोहल्ले वाले भाजपाई पंडित जी भी मौजूद थे और ये तय हो गया कि अब कोई संवाद हो या ना हो, लेकिन आपस में विवाद नहीं होगा। वहीं अब सीएलसी वाले भी बैक टू क्लीनिंग डिपार्टमेंट हो गये हैं।

### क्या ये बात है सही, मसाज पार्लर वालों के नाम की मिली है बही

किस्सा शिक्षा के टेम्पल को लेकर चल रहा है और कहानी रोज नई बाहर आ रही है। कोई खिन्न होकर स्तीफे की बात कर रहा है तो कोई बता रहा है कि बोतल से घोटाले का जिन्न बाहर आने वाला है। जो हिसाब किताब देखते थे वो तो राम को प्यारे हो गये लेकिन जब हिसाब किताब का ऑडिट हुआ तो पता चला यहां तो करोड़ों के वारे-न्यारे हो गये। अब बात कितनी गलत है और कितनी सही है लेकिन टेम्पल वाले बता रहे हैं कि बही में तो चार मसाज पार्लर वालों के नाम भी आये हैं। सुना है कि क्रीड़ा शिक्षक यानी स्पोटर्स टीचर के नाम पर वेतन आहरित हुआ है। स्पोटर्स टीचर दिखाकर क्या सही में मसाज पार्लर वालों को रकम दी गई है। टेम्पल वाले ही बता रहे हैं कि अजी हमारी जुबान मत खुलवाओ तो ज्यादा बेहतर और वैसे तो दुनिया जानती है कि अगर ये धुआं उठा है तो कहीं तो आग लगी है। आप चैक कर लो स्कूल वाली बही कितनी सही है।

### उस वार्ड के मैम्बर क्यों लगा रही है मेरे वार्ड में माइंड

फूल वालों के यहां चुनावी रण 2027 की तैयारी है। लेकिन फूल वाले मोहल्ला प्रधान अभी से अपना ध्यान आने वाले चुनाव पर लगा रहे हैं। हाथ वाले खामोश हैं। साईकिल वाले खामोश हैं। हाथी वाले खामोश हैं लेकिन फूल वाले पूरे जोश में हैं। फूल वाले अभी से ऑप्शन लेकर चल रहे हैं। उन्हें लगता है कि अगर इस वार्ड में बात ना बनी तो उस वार्ड में दावेदारी करेंगे। दावेदारी का सीन ये है कि एक वार्ड में 5 पार्षद तो पहले से ही एक्टिव हैं और चार दावेदार साईलेंटली लगे हुए हैं। किस्सा उस वार्ड से है जहां दो दावेदारों की लड़ाई में मंडल प्रधान का ध्यान इस बात पर है कि टिकट उन्हें मिल जाये। वो मंडल के अध्यक्ष हैं लेकिन काम सारे मैम्बरों वाले कर रहे हैं। गली की लाईट से लेकर मोहल्ले के पार्क में पेड़ों की छंटाई करवा रहे हैं। मोहल्ले वाले बता रहे हैं कि मंडल प्रधान इन दिनों पड़ोस वाले वार्ड के मेम्बर की ताका- झांकी से परेशान हैं। प्रधान को भी खबर लग गई है कि पड़ोस वाले मैम्बर का ध्यान तुम्हारे वार्ड पर है। वो इस बात को रख चुके हैं कि हमारी समझ में तो ये नहीं आ रहा कि ये अपना माइंड हमारे वार्ड में क्यों लगा रहे हैं। अरे जिस वार्ड से मैम्बर हो, जिस वार्ड से जीते हो वहीं क्यों फोकस नहीं करते हो।

# एमएसएमई ग्लोबल समिट में समरकूल को किया गया सम्मानित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** स्टार इंटरनेशनल एमएसएमई फोरम के तहत सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों के उत्पादों की विदेशी व्यापार में बढ़ोतरी को प्रोत्साहित करने के लिए दिल्ली के होटल ली मेरिडियन में एम एस एम ई ग्लोबल समिट का आयोजन किया गया। जिसमें विश्व के अनेकं देशों के व्यापारिक प्रतिनिधियों सहित देश के अनेकों उद्योगपतियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का आयोजन मुख्य रूप से एम एस एम ई सैक्टर के निर्यात को विदेशों में प्रोत्साहित करने के लिए किया जाता है। इसी योजना के तहत समरकूल ग्रुप की बढ़ती हुई ग्रोथ के तहत निर्यात की संभावनाओं को बढ़ाने के लिए समरकूल ग्रुप की ओर से चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता का प्रतिनिधित्व करते हुए अजय माथुर ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। तथा लोकसभा सांसद और सुप्रसिद्ध अभिनेत्री हेमामालिनी और पदमिनी कोल्हापुरी के द्वारा सम्मान प्रतीक चिह्न भेंट करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्टार इंटरनेशनल एम एस एम ई फोरम की ओर से दीपक वोहरा, संदीप मारवाह सहित अनेक उद्योगपति उपस्थित रहे।

# लाजपतनगर में अवैध निर्माण पर जीडीए ने चलाया बुलडोजर





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जीडीए उपाध्यक्ष द्वारा दिये गये सख्त निर्देशों के क्रम में गुरुवार को प्रभारी प्रवर्तन जोन-7 के नेतृत्व में भूखण्ड सं0-ई-46/7, लाजपतनगर, साहिबाबाद के निर्माणकर्ता राजेश जैन द्वारा स्वीकृत मानचित्र से विचलन कर अतिरिक्त तल निर्मित करते हुये दीवारों एवं स्लैब का निर्माण किया गया था। जिसके विरूद्ध प्राधिकरण द्वारा वाद सं0जीडीए/एएनआई/2024/00 03056 दिनांक-15.06.2024, योजित करते हुए कारण बताओ नोटिस, कार्य रोको नोटिस तथा पर्याप्त सुनवाई का अवसर प्रदान करते हुए निर्माणकर्ता को ध्वस्तीकरण आदेश भी तामिल कराये गये थे। परन्तु निर्माणकर्ता द्वारा अवैध निर्माण न हटाये जाने के कारण ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। उक्त कार्यवाही के समय प्रवर्तन जोन-7 में तैनात सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता, प्रवर्तन जोन-7 का समस्त स्टाफ, स्थानीय पुलिस बल एवं प्राधिकरण पुलिस बल उपस्थित रहा।

# इंडस्ट्रीज एंड ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने की पांडव नगर और हिंडन बिहार इंडस्ट्रियल एरिया में विकास कार्यों की मांग



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इंडस्ट्रीज एंड ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने 20 अगस्त 2025 को नगर निगम गाजियाबाद के अपर नगर आयुक्त यादव से मुलाकात की। इस प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रीय चेयरमैन महेश कुमार आहूजा, राष्ट्रीय अध्यक्ष एस.पी. त्यागी, जिलाध्यक्ष आलोक गोयल, महानगर अध्यक्ष अनिल अरोड़ा और कार्यकारिणी सदस्य तूलिका सेठ व प्रदीप मेहरोत्रा शामिल थे।

एसोसिएशन ने अपर नगर आयुक्त को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें उन्होंने पांडव नगर और हिंडन बिहार इंडस्ट्रियल एरिया में कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों की मांग की।

**पांडव नगर के लिए प्रमुख मांगें:** सीवर लाइन: इलाके में सीवर लाइन डालने की मांग। पेयजल आपूर्ति: नगर निगम से पानी की पाइपलाइन बिछाने की मांग। सड़क निर्माण : सड़कों को बनाने की मांग।

**हिंडन बिहार के लिए प्रमुख मांगें :** सीवर लाइन की सफाई: मौजूदा सीवर लाइनों की सफाई कराने की मांग। सड़क निर्माण : सड़कों को बनवाने की मांग। स्ट्रीट लाइट: स्ट्रीट लाइट लगवाने की मांग। ज्ञापन सौंपने के बाद, एसोसिएशन के सदस्यों ने उम्मीद जताई कि नगर निगम जल्द ही इन मांगों पर ध्यान देगा और औद्योगिक क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं में सुधार करेगा, जिससे व्यापारियों और निवासियों दोनों को लाभ होगा।

करंट क्राइम



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। कांग्रेस आरटीआई प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष लज्जा यादव ने लक्ष्मी विहार में आरटीआई प्रकोष्ठ की एक बैठक को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि सूचना के अधिकार से ही हम लोकतंत्र की आवाज को जिंदा रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने ही सूचना के अधिकार को लागू किया था और भाजपा सूचना के अधिकार को खत्म करने का प्रयास कर रही है। आरटीआई प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष लज्जा यादव ने इस बैठक में अपनी टीम की घोषणा की। उन्होंने बताया कि राकेश डोगरा, आशा ठाकुर को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं नीरज शर्मा और रूप बर्मन को जिला महासचिव बनाया गया है। इसके अलावा नजमूद्दीन को कोषाध्यक्ष पद दिया गया है। लज्जा यादव ने अपनी टीम में बीना, पूजा, विनीत वर्मा तथा अर्चना शर्मा को सदस्य बनाया गया है।




## लिस्ट से आएगा कमिश्नरेट में ट्विस्ट

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाली सिस्टम में इन दिनों एक चर्चा सुनाई दे रही है कि आने वाले कुछ दिनों में बदलाव वाली बयार आएगी। वहीं चर्चा इस बात की भी है कि बीते दिनों यहां के दो अधिकारियों के प्रमोशन हुए हैं। उनके प्रमोशन के बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियरबाद वाले सिस्टम में छोटे फेर बादल की चर्चाएं जोरों पर हैं। उधर लखनऊ मुख्यालय वाले सूत्र बता रहे हैं कि कभी भी प्रदेश स्तर पर पीपीएस से आईपीएस बने अधिकारियों वाली लिस्ट को रवाना किया जा सकता है। तो आईपीएस अधिकारियों वाली लिस्ट भी आ सकती है। आईपीएस वाली लिस्ट लंबी होने की जानकारी मिली है। तो इसका प्रभाव कई कमिश्नरेट और जिलों के कप्तान के साथ ही उच्च स्तर के अधिकारियों पर भी पढ़ सकता है। उधर चर्चा पुलिस कमिश्नरेट को लेकर भी है कि यहां एक से दो जोन के साहब लोगों पर कुछ प्रभाव पड़ सकता है। तो ऐसा भी सुनने में आ रहा है कि एक आईपीएस की कमिश्नरेट से रवानगी भी हो सकती है। उनको कोई जिला या नहीं तैनाती मिल सकती है। इसके साथ ही एडीसीपी स्तर को लेकर भी यहां अभी स्थिति क्लियर नहीं है कि यहां कोई नया पद दिया जाएगा या उनको भी यहां से जाना पड़ेगा। उधर जिस तरीके से इससे पहले वाली लिस्ट में गाजियाबाद से आउट तो किए गए लेकिन कोई आया नहीं, इस बात का भी संशय इस बार भी बरकरार है। वैसे पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में आने वाले दिनों में कुछ बदलाव होने की प्रबल संभावना बनी हुई है। तो प्रदेश वाली लिस्ट से कमिश्नरेट में भी टविस्ट् होने की चर्चा बनी हुई हैं। उधर लखनऊ वाले सूत्र बता रहे हैं कि लिस्ट को लेकर एक बार मंथन हो चुका है और उसे जारी करने के लिए प्लानिंग चल रही है। उधर चर्चा इस बात की भी है कि पश्चिम के दो कमिश्नरेट में तैनात अधिकारी जिले में जाने के लिए लगातार लखनऊ वाले कनेक्शन से संपर्क में हैं। उन्हें कमिश्नरेट वाला सिस्टम समझ और रास नहीं आ रहा है, तो उनकी टेंशन भी बड़ी रहती है। कुल मिलाकर देखना होगा कि प्रदेश वाली आईपीएस तबादला लिस्ट के बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कितना असर आता है और किसको चांस दिया जाता है और कौन चांस के वेट में रह जाता है। कुल मिलाकर पुलिस सूत्र बता रहे हैं कि अगले कुछ दिनों के अंदर स्थिति क्लियर तभी होगी जब लिस्ट जारी कर दी जाएगी।




# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में नए छात्रों के लिए 'दीक्षारंभ 2025' का आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु ओरिएंटेशन एवं इंडक्शन प्रोग्राम 'दीक्षारंभ 2025' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई। संदीप सिंह, उप-प्राचार्य एवं प्रोक्टर, एसईटी, एसजीयू ने विद्यार्थियों का स्वागत भाषण दिया।

उपाध्यक्ष अखिल अग्रवाल, प्रो वाइस-चांसलर नितिन अग्रवाल, कुलाधिपति महेन्द्र अग्रवाल सहित कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसंजीत कुमार ने विचार रखते हुए विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व और अनुशासन के प्रति प्रेरित किया। प्रो वाइस-चांसलर (एडमिन) पियूष श्रीवास्तव ने कहा कि व्यावहारिक ज्ञान, दृढ़ निश्चय, उत्साह, स्वच्छता और सभ्यता के प्रति जागरूकता विद्यार्थी जीवन में अनिवार्य है। रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रतन ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। मुख्य अतिथि अभिषेक श्रीवास्तव, एसीपी, इंदिरापुरम सर्किल, गाज़ियाबाद ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि आज के समय में केवल पुस्तक आधारित ज्ञान पर्याप्त नहीं है। उन्होंने कहा कि कॉलेज जीवन असली जीवन के पाठ सीखने का सबसे अच्छा मंच है। विद्यार्थियों को लगातार मेहनत, समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ना चाहिए और यह सोचना चाहिए कि वे समाज के लिए क्या योगदान दे सकते हैं।

कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन संदीप सिंह द्वारा किया गया। इसके बाद राष्ट्रीय गान हुआ तथा विद्यार्थियों के लिए रिफ्रेशमेंट और विभागवार ओरिएंटेशन सत्र आयोजित किए गए। इस अवसर पर सभी विभागों के निदेशक भी सम्मिलित हुए।






Ashwani Sharma is with Deepak Bhati and 4 others.
55m

श्रद्धेय बाबूजी...
"मैं कारसेवकों पर गोली नहीं चलाऊंगा, नहीं चलाऊंगा, नहीं चलाऊंगा..."
ये केवल शब्द नहीं थे, ये एक संकल्प था — राष्ट्रभक्ति, धर्मनिष्ठा और मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के सच्चे राम भक्त को
शत शत नमन

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। ये भाजपा के प्रति समर्पण है और यह तस्वीर पुरानी यादों को अर्पण है। अश्विनी शर्मा सही मायनों में देवतुल्य हैं और उन्होंने भाजपा कार्यकर्ता के रूप में काम किया है। पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कल्याण सिंह को नमन करते हुए उन्होंने अपनी इस पुरानी फोटो के साथ यादों को फेसबुक पर साझा किया। यह एक तस्वीर इतिहास को लिये हुए है। यह तस्वीर केवल फेसबुक पोस्ट नहीं है बल्कि यह बहुत कुछ बता रही है। अश्विनी शर्मा की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# भारत में 68 अरब डॉलर का निवेश करने पर विचार कर रहा जापान, पीएम मोदी के दौरे के दौरान हो सकता है एलान



**जापान दस वर्षों के लिए भारत में 10 ट्रिलियन येन (करीब 68 अरब डॉलर) के निजी निवेश का लक्ष्य तय करने पर विचार कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस महीने के अंत में प्रस्तावित जापान यात्रा के दौरान इसका एलान किया जा सकता है। जापान के क्योडो न्यूज ने सरकार के सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी**

**क्योटो ।** रिपोर्ट में कहा गया है कि यह नया लक्ष्य 2022 में घोषित पांच वर्षों में पांच ट्रिलियन येन के निवेश लक्ष्य का विस्तार होगा। यह घोषणा ऐसे समय की जा सकती है, जब भारत और जापान स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं, खासकर चीन के बढ़ते प्रभाव के बीच।

29 अगस्त से शुरू होगी पीएम मोदी की जापान यात्रा सरकारी सूत्रों के मुताबिक, यह निवेश लक्ष्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके जापानी समकक्ष शिगेरु इशिबा के बीच होने वाली शिखर वार्ता के बाद किए जाने वाले साझा दस्तावेज में शामिल किया जा सकता है। प्रधानमंत्री मोदी की प्रस्तावित तीन दिवसीय जापान यात्रा 29 अगस्त को शुरू होगी। मई 2023के बाद यह उनकी पहली जापान यात्रा होगी। तब वह हिरोशिमा में जी-7 शिखर सम्मेलन में शामिल हुए थे।

आर्थिक सुरक्षा के लिए नया ढांचा तैयार कर रहे दोनों देश मार्च 2022 में जब जापान के तत्कालीन प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा भारत आए थे, तब जापान सरकार ने भारत में पांच वर्षों में पांच ट्रिलियन येन के सार्वजनिक और निजी निवेश की घोषणा की थी। अब दोनों देशों की सरकारें आर्थिक सुरक्षा से जुड़े क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए एक नया ढांचा तैयार करने की कोशिश कर रहे हैं। इसमें सेमीकंडक्टर्स, आवश्यक खनिज, संचार, स्वच्छ उर्जा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और दवाइयों जैसे क्षेत्रों में प्राथमिकता दी जाएगी।

'एआई सहयोग पहल' का हो सकता है एलान दोनों देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इससे जुड़े स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के लिए एक नई 'एआई सहयोग पहल' की भी घोषणा कर सकते हैं। एक सूत्र ने कहा, हम उम्मीद करते हैं कि जिन क्षेत्रों में भारतीय कंपनियों की विशेषज्ञता है, वहां जापानी कंपनियों के साथ सहयोग जापान की अर्थव्यवस्था की वृद्धि में योगदान देगा। इस यात्रा के दौरान पीएम मोदी जापान के मियागी प्रांता के सेंदाई शहर में एक हाई-स्पीड शिंकानसेन बुलेट ट्रेन कार के परीक्षण स्थल का दौरा कर सकते हैं और एक प्रमुख चिप-निमार्ता जापानी कंपनी का भी दौरा करेंगे।

# गाजा पर कब्जे के लिए इस्राइली हमले तेज, 75 प्रतिशत हिस्से पर आईडीएफ का कब्जा, हमले में मारे गए 81 लोग



**गाजा ।** इस्राइल ने गाजा पर पूर्ण कब्जे की कोशिश शुरू कर दी है, जिसके चलते इस्राइल के हमलों में तेजी आई है। अल जजीरा की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इस्राइल के ताजा हमलों और भुखमरी में 81 फलस्तीनियों की मौत हुई है। इस्राइली सेना ने गाजा पर कब्जे के लिए अपने रिजर्व सैनिकों को भी बुला लिया है।

संघर्ष विराम समझौते पर विचार से इस्राइल का इनकार रिपोर्ट में दावा किया गया है कि गाजा में भुखमरी से बुधवार को तीन अन्य लोगों की मौत हो गई, जिसके बाद गाजा में भुखमरी से मरने वालों का कुल आंकड़ा बढ़कर 269 हो गया है, जिनमें 112 बच्चे भी शामिल हैं। वहीं इस्राइली हमलों में तेजी के बाद हमास ने कथित तौर पर संघर्षविराम समझौता करने की इच्छा जताई है। मिस्त्र ने इस मुद्दे पर इस्राइली सरकार से बात की, लेकिन इस्राइली पीएम फिलहाल इस समझौते में रुचि नहीं ले रहे हैं। हालांकि उन्होंने संघर्ष विराम के समझौते को पूरी तरह से खारिज भी नहीं किया है। इस्राइल ने अपने रिजर्व सैनिक भी मैदान में उतारे इस्राइली सेना ने गाजा पर हमले के लिए अपने 60 हजार रिजर्व सैनिकों को ऑपरेशन में शामिल किया है। गुरुवार को पीएम नेतन्याहू को इस्राइली सेना द्वारा गाजा पर कब्जे की योजना पेश की जाएगी। इस्राइली सरकार ने फिलहाल संघर्षविराम पर बातचीत के लिए अपनी टीम कतर और मिस्त्र नहीं भेजने का फैसला किया है। मिस्त्र पर इस मुद्दे पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ से भी बात की गई। मिस्त्र ने कहा कि संघर्ष विराम समझौते पर हमास सहमत है और इस्राइल को भी इसे स्वीकार करना चाहिए। समझौते के तहत हमास इस्राइल के 10 जिंदा बंधकों को रिहा करेगा और 18 शव भी सौंपेगा।

# रूस-यूक्रेन युद्ध से हाथ खींच रहा यूएस, वेंस बोले कीव की सुरक्षा की जिम्मेदारी यूरोप को लेनी चाहिए



**वॉशिंगटन ।** अमेरिका धीरे-धीरे यूक्रेन की मदद से अपने हाथ पीछे खींच रहा है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के ताजा बयान के बाद ऐसी चचाएं शुरू हो गई हैं। दरअसल वेंस ने कहा है कि यूक्रेन की सुरक्षा की जिम्मेदारी अब यूरोप को लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भौगोलिक स्थिति को देखते हुए यूक्रेन की मदद की पहली जिम्मेदारी यूरोपीय देशों की है। वेंस ने कहा कि अमेरिका मदद के लिए तैयार है, लेकिन ज्यादा जिम्मेदारी यूरोपीय देशों की है।

जेडी वेंस ने क्या कहा फॉक्स न्यूज के साथ एक बातचीत में जेडी वेंस ने कहा कि 'राष्ट्रपति ट्रंप रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष में अमेरिका की भागीदारी को न्यूनतम करना चाहते हैं।' वेंस ने कहा 'मुझे नहीं लगता कि अब हमें इस बोझ को और आगे जारी रखना चाहिए। अगर युद्ध को समाप्त कराने के लिए जरूरी हुआ तो हम मदद के लिए तैयार हैं। हम उम्मीद है और राष्ट्रपति भी यही चाहते हैं कि यूरोप अब नेतृत्वकारी भूमिका निभाए। राष्ट्रपति ने साफ कहा है कि अमेरिका बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन तब तक हम कोई वचन नहीं दे सकते, जब तक हम युद्ध को रुकवाने का रास्ता नहीं ढूंढ लेते।'

ट्रंप भी यूक्रेन की मदद के लिए सैनिक भेजने से कर चुके इनकार वेंस का बयान ऐसे समय आया है, जब ट्रंप ने यूक्रेन को सुरक्षा गारंटी देने के बदले अमेरिकी सैनिकों को यूक्रेन भेजने की संभावनाओं से इनकार कर दिया था। हालांकि अमेरिका ने यूरोपीय सहयोगियों के साथ मिलकर यूक्रेन की सुरक्षा के लिए अन्य कदम उठाने की बात कही। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता ने वायु सैन्य मदद से इनकार नहीं किया। ट्रंप ने कहा है कि हम नाटो को हथियार भेज रहे हैं और उसके बदले में नाटो हमें हथियारों का पूरा भुगतान कर रहा है। नाटो इन हथियारों को यूक्रेन की मदद के लिए भेज रहा है।

# नेतन्याहू के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने वालों जजों पर प्रतिबंध, आईसीसी-फ्रांस ने ट्रंप को घेरा



**अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय ने फ्रांस और बेल्जियम के साथ मिलकर उसके न्यायाधीशों और अभियोजकों पर प्रतिबंध लगाने के लिए अमेरिका की कड़ी आलोचना की है। अमेरिका के इस कृत्य को आईसीसी ने न्यायालय की न्यायिक स्वतंत्रता पर करारा हमला करार दिया है। बुधवार को स्थानीय समयानुसार जारी एक बयान में आईसीसी ने कहा कि अमेरिकी प्रतिबंधों की चिंता किए बगैर वह अपने काम को जारी रखेगा**

**वॉशिंगटन ।** साथ ही आईसीसी ने अपने 125 सदस्य देशों से अंतर्राष्ट्रीय अपराधों के पीड़ितों को न्याय दिलाने में अपने कार्य के लिए निरंतर समर्थन देने के लिए भी आह्वान किया। अमेरिकी प्रतिबंध निष्पक्ष न्यायिक संस्था की स्वतंत्रता पर खुला हमला आईसीसी ने अपने बयान में कहा कि ये प्रतिबंध निष्पक्ष न्यायिक संस्था की स्वतंत्रता पर खुला हमला है। ये प्रतिबंध न्यायालय के सदस्य देशों, नियम-आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था और सबसे बढ़कर, दुनिया भर के लाखों निर्दोष पीड़ितों का अपमान हैं। अमेरिका ने क्यों लगाया प्रतिबंध दरअसल, संयुक्त राज्य अमेरिका ने अमेरिकी सैनिकों और इस्राइली नेताओं के खिलाफ मामलों में उनकी भूमिका के लिए अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) के दो न्यायाधीशों और दो अभियोजकों पर प्रतिबंध लगाए हैं। इनमें इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट भी शामिल है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने एक ट्वीट कर इन प्रतिबंधों की घोषणा की। उन्होंने बताया कि नेतन्याहू के खिलाफ वारंट जारी करने वाले मामले की अध्यक्षता कर रहे फ्रांस के न्यायाधीश निकोलस यान गुइलौ को ब्लैक लिस्ट में डाला गया है। इसके साथ ही न्यायाधीश किम्बर्ली प्रोस्ट और उप अभियोजक नजहत शमीम खान और मामे मंडियाये नियांग भी शामिल हैं। रुबियो ने अपनी पोस्ट में कहा कि आईसीसी अमेरिका की राष्ट्रीय संप्रभुता की अवहेलना करना जारी रखे हुए है।

# यूक्रेन पर रूस ने किया साल का सबसे बड़ा हमला, 574 ड्रोंस 40 मिसाइलों के साथ बरसाया कहर







**कीव ।** यूक्रेन से संघर्ष विराम को लेकर जारी पश्चिमी देशों की कवायद के बीच रूस ने यूक्रेन पर इस साल का सबसे बड़ा मिसाइल और ड्रोन हमला किया है। यूक्रेनी वायु सेना ने इस हमले के बारे में बताते हुए कहा कि रूसी सेना ने देश के पश्चिमी इलाकों को निशाना बनाकर ज्यादातर हमले किए।

यूक्रेनी वायुसेना ने कहा कि रूस ने उन पर 574 ड्रोन्स और 40 मिसाइलों से ताबड़तोड़ हमले किए। इन हमलों में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। वहीं, यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्रेई सिबिहा ने भी इन हमलों को लेकर बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि रूस ने पश्चिमी यूक्रेन में एक प्रमुख अमेरिकी इलेक्ट्रॉनिक्स निमार्ता संस्था पर हमला किया है।

अमेरिका समेत पश्चिमी देश संघर्षविराम की कवायद में जुटे

रूस का ये हमला तब हुआ है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समेत पश्चिमी देश रूस-यूक्रेन संघर्ष को रुकवाने की कोशिश में जुटे हैं। बीते हफ्ते अलास्का में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात के बाद सोमवार को ट्रंप ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और यूरोपीय नेताओं के साथ बैठक की थी। ट्रंप ने इस बैठक के दौरान साफ किया कि वे किसी तरह के संघर्ष विराम को लागू करने की जगह सीधा शांति समझौते की तरफ जाना चाहते हैं। हालांकि, इस दौरान उनकी और यूरोपीय नेताओं में इस बात पर सहमति रही कि यूक्रेन को शांति समझौते के एवज में भविष्य के खतरों से निपटने के लिए कुछ सुरक्षा गारंटी दी जा सकती हैं।

जेलेंस्की बोले- 10 दिन में यूक्रेन की सुरक्षा गारंटियों को लेकर करेंगे मंथन

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बाद में कहा कि अगले 10 दिन में यूक्रेन की सुरक्षा गारंटियों को लेकर मंथन किया जाएगा और रूस के साथ वार्ता पर आगे चर्चा होगी। इस चर्चा में यूरोपीय देश के नेताओं के साथ-साथ अमेरिकी प्रशासन भी रहेगा। यूक्रेन की सुरक्षा सुनिश्चित करने का जिम्मा ट्रंप प्रशासन की तरफ से अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो को सौंपा गया है।

## रूसी हमले बढ़े, खतरे में हैं नागरिक

रूस अब लगातार शाहिद ड्रोन, क्रूज मिसाइलों और ग्लाइड बमों का उपयोग कर यूक्रेनी शहरों पर हमला कर रहा है। इससे यूक्रेन की एयर डिफेंस व्यवस्था पर भारी दबाव है। हाल ही में राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा था कि यूक्रेन में अब कहीं भी शांति नहीं है। पिछले कुछ वक्त से राजधानी कीव और अन्य क्षेत्रों पर ड्रोन हमले तेज हुए हैं।

# मॉस्को में जयशंकर-लावरोव के बीच अहम वार्ता साझेदारी की दिशा समेत इन मुद्दों पर चर्चा



**विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मॉस्को में मुलाकात की। दोनों नेता न केवल द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की, बल्कि क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर भी अपने विचार साझा किए। यह बैठक ऐसे समय हुई, जब भारत-रूस रिश्ते कई क्षेत्रों खासकर रक्षा, व्यापार और ऊर्जा में गहराते जा रहे हैं**

**वॉशिंगटन ।** इस दौरान जयशंकर ने कहा, 'आज की बैठक हमारे राजनीतिक संबंधों के साथ-साथ द्विपक्षीय संबंधों पर भी चर्चा करने का अवसर प्रदान करती है। अब हम वर्ष के अंत में होने वाले वार्षिक शिखर सम्मेलन की तैयारी कर रहे हैं। हमारे नेताओं ने हमेशा हमें अपने विशेष रणनीतिक संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए मार्गदर्शन दिया है। हमने अपने द्विपक्षीय सहयोग के कई मुद्दों पर चर्चा की और कई समाधान भी निकाले। मैं द्विपक्षीय चचाओं को आगे बढ़ाना चाहता हूं, ताकि वार्षिक शिखर सम्मेलन में हमें अधिकतम परिणाम प्राप्त हों। हमारी बैठक का वैश्विक संदर्भ बदलती भू-राजनीतिक स्थिति और बदलते आर्थिक व्यापार परिदृश्य द्वारा प्रदान किया गया है, और हमारा साझा लक्ष्य अपनी पूरकता को अधिकतम करना है। इस दौरान रूसी विदेश मंत्री लावरोव ने कहा, '...यह अंतरराष्ट्रीय संबंधों की एक बहुध्रुवीय व्यवस्था है, जिसमें एससीओ, ब्रिक्स और जी20 की भूमिका बढ़ती जा रही है। मुझे आज की सार्थक बातचीत की उम्मीद है।'साझेदारी की दिशा भारत और रूस लंबे समय से रक्षा और ऊर्जा क्षेत्रों में सहयोगी रहे हैं। यूक्रेन संघर्ष और बदलते वैश्विक समीकरणों के बीच लावरोव के साथ वार्ता और भी महत्वपूर्ण रही। सूत्रों के अनुसार, दोनों मंत्रियों ने क्षेत्रीय सुरक्षा, एशिया-प्रशांत में स्थिरता और बहुपक्षीय मंचों पर समन्वय जैसे मुद्दों पर भी चर्चा की। जयशंकर और लावरोव की इस बैठक में न केवल मौजूदा द्विपक्षीय एजेंडे की समीक्षा की गई, बल्कि इस दौरान भविष्य की साझेदारी की दिशा भी तय हुई। रूसी समकक्ष से मुलाकात से पहले जयशंकर का बड़ा बयान लावारोव से आज होने वाली मुलाकात से पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को एक कार्यक्रम के दौरान कहा, भारत-रूस दोनों देशों को व्यापार असंतुलन को तत्काल कम करने के लिए काम करने की आवश्यकता है। भारत-रूस-अंतर-सरकारी आयोग (आईआरआईजीसी-टीईसी) के 26वें सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले चार वर्षों में आपने देखा होगा।

# पाकिस्तान में भारी बारिश से तबाही, सिंधु नदी में आई बाढ़ ने हजारों को किया बेघर, किसान भी हुए बेहाल



**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान के पंजाब में भारी बारिश से सिंधु नदी में आई बाढ़ ने तबाही मचा दी है। हजारों लोग बेघर हो गए और कपास, तिल व मूंग जैसी फसलें बर्बाद हो गईं। कई गांवों में घर ढह गए और लोग पशुओं को बचाने में संघर्ष कर रहे हैं। पीडीएमए ने रेड अलर्ट जारी किया है। यह आपदा जलवायु संकट को लेकर पाकिस्तान की स्थिति को एक बार फिर उजागर करती है। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में भारी बारिश ने भयंकर बाढ़ का रूप ले लिया है। सिंधु नदी में पानी का स्तर बढ़ने से हजारों गांववाले अपने घर छोड़ने को मजबूर हो गए। डॉन अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, लेय्या-तौंसा ब्रिज को बचाने के लिए बनाए गए सभी सुरक्षात्मक बांध और तटबंध बह गए। इससे निचले इलाकों में बसे ग्रामीणों के घर और खेत पूरी तरह तबाह हो गए हैं।

घरों और फसलों का नुकसान भारी बाढ़ ने कच्चे घरों को मलबे में पिछले 24 घंटे में सरगोधा में 54 मिमी और फैसलाबाद में 31 मिमी बारिश दर्ज की गई। लाहौर, गुजरांवाला और रावलपिंडी जैसे शहरों में भी भारी बारिश हुई। तौंसा के कई गांवों में घर पूरी तरह गिर गए। बाढ़ का असर सिर्फ लोगों पर ही नहीं पड़ा, बल्कि पशुओं को बचाना भी ग्रामीणों के लिए बड़ी चुनौती बन गया। अलर्ट पर सरकारी एजेंसिया पंजाब की प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) ने नदियों और बांधों के खतरनाक स्तर को देखते हुए रेड अलर्ट जारी किया है। डॉन के अनुसार, तौंसा और चश्मा में सिंधु नदी में मध्यम स्तर की बाढ़ है, जबकि तरबेला और कलाबाघ में निचले स्तर की बाढ़ दर्ज की गई है। सतलुज नदी भी गंडा सिंह वाला और सुल्तानकी पर निचले स्तर की बाढ़ में है। जलवायु संकट और पिछली तबाही की याद संयुक्त राष्ट्र ने पहले भी कहा था कि पाकिस्तान जलवायु झटकों के प्रति बेहद संवेदनशील है।

# सिद्धार्थ इंटर कॉलेज के छात्रों के लिये सहयोगी समाजवादी पहल

## सपा ने शिक्षा उत्थान हेतु भेंट किया फर्नीचर, पंखे और अन्य सामान



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सिद्धार्थ इंटर कॉलेज, जटवाड़ा (संचालित : श्री गुरु रविदास टेम्पल ट्रस्ट, नवयुग मार्केट, जटवाड़ा गाजियाबाद में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनुराग भदौरिया तथा विशिष्ट अतिथि प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी अभिषेक गर्ग रहे।

इस अवसर पर विद्यालय को 50 डेक्स-बेंच, 8 सिलिंग फैन, तथा दो कक्षों के लिए खिड़की-दरवाजे भेंट किए गए। इस योगदान से विद्यालय का वातावरण और अधिक सुदृढ़ एवं सुविधाजनक बनेगा। विद्यालय प्रबंधक समिति ने इस अमूल्य सहयोग के लिए मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का हार्दिक आभार व्यक्त किया। समिति ने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी इसी प्रकार विद्यालय के विकास कार्यों में निरंतर सहयोग मिलता रहेगा। इस अवसर पर स्कूल में कंप्यूटर लैब काभी उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन, महागर अध्यक्ष विरेंद्र यादव, सोनू सिंगला, सतीश पारचा मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर सपा नेता अभिषेक गर्ग ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा से शिक्षा के लिये काम करती आई है। हम समाज के सभी वर्गों के शैक्षिक उत्थान के लिये हमेशा काम करते रहेंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता हर स्वरूप सिंह (पूर्व पार्षद एवं अध्यक्ष, श्री गुरु रविदास टेम्पल ट्रस्ट, जटवाड़ा) ने की। इस अवसर पर आर.पी. सिंह (महासचिव), रामकिशन प्रसाद (सचिव), हरीश हितैषी (उपाध्यक्ष), रामेश्वर दत्त एडवोकेट (उपाध्यक्ष), केहर सिंह (कोषाध्यक्ष), कृपाल सिंह (प्रबंधक), शरणवीर सिंह (प्रधानाचार्य), सोहनलाल सोनी (वरिष्ठ समाजसेवी) सहित ट्रस्ट के सभी सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। समस्त सदस्यों एवं प्रबंधक ट्रस्ट ने शिक्षकों/शिक्षिकाओं के साथ मिलकर विद्यालय के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर प्रयासरत रहने का संकल्प लिया।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें पता है गागर में सागर भरने वाले नहीं करेंगे इस बात को स्वीकार? कि उन्होंने भगवा लक्ष्मण को लेकर पेश किये थे योद्धा के सामने ओजस्वी विचार? हम यूं ही नहीं कर रहे हैं आपको मिसयूज? जिस वक्त वो कह रहे थे ये बात? तब उज्जवल, लीलू, मानिक, शेरा और पांडेय जी भी थे मौजूद? हमें पता है ये सब भी उनकी तरह नहीं करेंगे इस बात को स्वीकार? मगर कुछ बातें होती हैं ऐसी जो मौके पर नहीं होता, उसे भी वो ले आता है बाहर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवागढ़ के युवा पंजाबी चेहरे के एक खास को है इस बात का एहसास? कह रहे हैं वो अपनी ऐड़ियां कितनी ही घिस लें, किसी के साथ? हमें पता है वो चेहरा नहीं बनने देगा इनकी बात? वो शख्स सिर्फ इस वक्त कर रहा है पंजाबी चेहरे को यूज? देखना समय आने पर उड़ायेगा इनका फ्यूज? मैं पंजाबी चेहरे का हूं बहुत ही बेहद खास? मैं डायरेक्ट तो नहीं कह सकता, इसलिए आपके माध्यम से पहुंचा रहा हूं अपने व्यूज?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें पता है विधायक जी के पेट में रहते हैं हमको लेकर बाल? मगर हम सच बतायें, वो भले ही हमसे कितनी दूरियां दिखायें? मगर ये भी सच है कि वो आदमी हैं बेमिसाल? वो रखते हैं अपने साथ के लोगों का ख्याल? मगर हम भी अपनी बात पर कायम हैं? हमें भी नहीं चलना है उनके नाल? हमें नहीं चाहिए उनका साया? हमारे दिल में तो इस वक्त है कोई योद्धा ही छाया?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवागढ़ की रामलीला में फिर मिलने लगे हैं हमें घमासान के संकेत? सुना है जनप्रतिनिधि की दखल से आने वाला है रजिस्ट्रार के यहां से कोई बड़ा आदेश? सुना है ये आदेश दिखायेगा अपना असर? कोई चेहरा हो जायेगा इधर से उधर? कहने वाले ने कहा कि आदेश आने में बचे हैं बस कुछ ही दिन? तब तक कुछ तो मामला चलने दो इनका विवादों के बिन?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम बता रहे हैं क्यों होना है इस रामलीला में महाभारत वाला सीन? हमें पता चला है स्थानीय विधायक के अलावा विनीत जी, नीरज जी, कपिल जी, मनोज जी की हैवीवेट वालों से मिल चुकी है टीम? इन्होंने किया है वहां पर हाल-ए-दिल प्रकट? कहने वाले ने कहा इनकी बात सुनकर मिलाने वालों ने रजिस्ट्रार को फोन मिला दिया एकदम खट? कहने वाले ने कहा देखना इस फोन का भी दिखाई देगा जबरदस्त असर? वैसे बता दें लीला को लेकर समाजिक सहयोग लेना शुरू कर दिया गया है? अब देखना ये है कि मामला इधर रहेगा या रहेगा उधर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इस बात की उठ रही है एक क्षेत्र में सवाली? पता चला है कि पार्षद जी ने मंत्री जी वाले पार्क से हटवा दिये माली? वैसे बताने वाले तो इस बात को मामला बता रहे हैं बाईचांस? मगर कहने वाले कह रहे हैं कि इस पूरे मामले में छिपा हुआ है कोई इंटरनल प्लान? जो भी है उद्यान वालों से कहकर मंत्री जी के यहां पर बुला लिये गये हैं माली? मगर पार्षद जी इस मामले में टारगेट पर आ गये हैं? आखिर कौन करेगा भविष्य में उनके मैम्बरी की रखवाली?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमने देखे भगवागढ़ के स्वागत वाले फोटो यार? ना जाने क्यों लिखने वाले ने स्वागत को लिख दिया था जोरदार? कहने वाले ने कहा हम स्वागत को जोरदार लेते भी मान? मगर उसमें कम से कम हमें दिखते तो सही भाईसाहब प्रधान? जिनके स्वागत में जुटाई थी पूरी महफिल? उनके फोटो ही मीडिया वालों को नहीं भेजे गये श्रीमान? या तो हो गई है फोटो को भेजने में कोई चूक? या फिर स्वागत वाले एरिया में प्रधान जी का काफिला काफी कोशिशों के बावजूद भी नहीं पाया रूक?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा पहलवान के दिमाग में चलते रहे हैं तरह-तरह के प्लान? हमने देखा अब उन्होंने नदिया पार में अपना फोटो लगाकर एक नया पेज तैयार कर लिया है श्रीमान? लग रहा है उनके यहां पर बन रहे हैं कुछ और ही ख्वाब? वो बन चुके हैं यहां के साहेब? पेज पर नहीं लिखा है उन्होंने साहिबाबाद? वैसे भी पहलवान के तीर होते हैं गंभीर? झेल वही पता है जो होता है वीर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें बहुत अच्छा लगता है अपने भगवा योद्धा का अंदाज? कभी वो तलबा बजाते हैं कभी राजनीति के दिखते हैं जबरजस्त तीरंदाज? हमने देखा साहिबाबाद में कृष्ण जी की छठी वाले प्रोग्राम में सुंदर तरीके से चौपाई सुनाई? सच बतायें ये नजारा देखते ही बन रहा था भाई? हर कोई उनके इस परफोर्मेंस पर कर रहा था वारफेर? कहने वाले ने कहा उतर गई होगी उनकी काफी नजर? हो गये होंगे इस कार्यक्रम के बाद उनके कई दुश्मन ढेर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि साहिबाबाद के एक नेता इस वक्त साड़ी और बिंदी वाले मैटर पर दे रहे हैं बहुत ज्यादा ध्यान? हमने उनके शब्द तब सुने जब चल रहा था सलामी देने वाला प्रोग्राम? वो एक मैडम पर कस रहे थे बार-बार तंज? करा रहे थे एहसास कि आपने कैसे बिंदी लगाई है और किस तरह साड़ी पहनी है? उनके ये शब्द आजकल कर रहे हैं कईयों को दंग?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# गाजियाबाद में विकास कार्यों की समीक्षा

## विधानमंडल समिति ने निगम व जीडीए के प्रयासों को सराहा









**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में उत्तर प्रदेश विधान मंडल की स्थानीय निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदन जांच संबंधी समिति की वर्ष 2024-25 की पहली उपसमिति की एक अहम बैठक हुई। यह बैठक दुर्गावती सभागार, विकास भवन में हुई और इसकी अध्यक्षता सभापति मनीष असीजा ने की। सभापति के विकास भवन पहुंचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। समिति सदस्यों का स्वागत जिला प्रशासन की ओर से पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया।

### बैठक की मुख्य बातें

**जनता का पैसा, जनता के कल्याण में** : सभापति मनीष असीजा ने कहा कि जनता जो टैक्स देती है, सरकार उस पैसे को विकास कार्यों में लगाती है और इसमें कोई रुकावट नहीं आनी चाहिए। उन्होंने गाजियाबाद प्रशासन के कामों की तारीफ भी की।

**नगर निगम की पहलें** : नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने नगर निगम की कई उपलब्धियों के बारे में बताया। इनमें प्लास्टिक मुक्त अभियान, ईवी चार्जिंग स्टेशन, गाय के गोबर से प्राकृतिक पेंट बनाना, और कूड़ा निस्तारण में नई तकनीक का इस्तेमाल शामिल था। समिति ने इन सभी प्रयासों को सराहा।

ग्रीन म्युनिसिपल बॉन्ड प्रोजेक्ट : समिति ने नगर निगम के ग्रीन म्युनिसिपल बॉन्ड प्रोजेक्ट का दौरा किया और संतुष्टि जाहिर की। इस प्रोजेक्ट से औद्योगिक इकाइयों के साथ-साथ शहर को भी फायदा होगा।

**जीडीए कर्ज मुक्त हुआ** : जीडीए सचिव राजेश सिंह ने जानकारी दी कि साल 2025 में जीडीए करोड़ों रुपये के कर्ज से मुक्त हो गया है। उन्होंने हरनंदीपुरम, नार्दन पेरिफेरल और मधुबन बापूधाम जैसी कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर भी काम जारी रहने की बात कही।

**विभागीय प्रगति रिपोर्ट** : मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने स्वास्थ्य, शिक्षा, उद्योग, और विद्युत सहित कई विभागों की साल 2020-25 तक की योजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी दी।

बैठक के आखिर में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह माँदड़ ने सभी गणमान्य लोगों और अधिकारियों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स, डीसीपी धवल जायसवाल, अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव, मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

# केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का गाजियाबाद में स्वागत





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का एनएच-9 स्थित इनमेंटेक कॉलेज के सामने स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित हुआ। स्वागत समारोह में भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र शिशौदिया मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बाल्यान और अलीगढ़ सांसद सतीश गौतम भी मंत्री के साथ रहे। भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने मंत्री का स्वागत किया और इस दौरान संगठन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई।

## गाजियाबाद में 13 सितम्बर को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार 13 सितम्बर 2025 (शनिवार) को जिला एवं सत्र न्यायालय, जिला कचहरी गाजियाबाद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशन में आयोजित होने वाली इस लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के मामले निस्तारित किए जाएंगे। इनमें आपराधिक शमननीय वाद, धारा 138 पराधिन्य अधिनियम (चेक बाउंस), श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण वाद, बिजली व जल बिल विवाद, वादकारी दीवानी मामले, फौजदारी के लघु मामले, मोटर एक्सीडेंट क्लेम, बैंक रिकवरी, मोटरयान चालान, पारिवारिक विवाद, उत्तराधिकार वाद एवं दाम्पत्य विवाद शामिल रहेंगे। लोक अदालत में मामलों का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर किया जाएगा, जिससे वादकारियों को शीघ्र न्याय और राहत मिल सके।

## 29 अगस्त को होगा गाजियाबाद नगर निगम कर्मचारी संघ का मतदान, चुनाव कार्यक्रम जारी




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम कर्मचारी संघ का चुनाव कार्यक्रम घोषित हो गया है। कर्मचारी संघ के महामंत्री के पत्र पर नगर निगम मुख्यालय में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 255 कर्मचारियों ने भाग लिया। इस बैठक में ब्रजमोहन को चुनाव अधिकारी मनोनीत किया गया। उन्होंने कहा कि बैठक में सभी की राय मशविरा के बाद 29 अगस्त शुक्रवार को गाजियाबाद नगर निगम कर्मचारी संघ का चुनाव कराने का निर्णय लिया गया है। चुनाव का कार्यकाल अक्टूबर 2025 से सितंबर 2028 तक होगा। उन्होंने कहा कि 29 अगस्त को कुल आठ पदों के लिए चुनाव कराया जाएगा। इनमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री, उपमंत्री, संगठन मंत्री, प्रचार मंत्री, कोषाध्यक्ष व कार्यालय मंत्री शामिल है। 21 अगस्त यानि गुरुवार से आचार संहिता और चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। 22 अगस्त सायंकाल 5 बजे तक सदस्यता शुल्क जमा कराए जाएंगे। 23 अगस्त को नोटिस बोर्ड पर वोटर लिस्ट लगाई जाएगी। शाम चार बजे वोट लिस्ट का अंतिम प्रकाशन होगा। 25 अगस्त को प्रात नौ बजे से 10.30 बजे तक नामांकन पत्र जमा किए जाएंगे। उसकी दिन नाम वापसी और चुनाव चिन्ह का वितरण होगा। 29 अगस्त को सुबह नौ बजे से 2.30 बजे तक मतदान होगा और 3 बजे से मतगणना होगी। मतगणना के बाद मुख्य चुनाव अधिकारी की ओर से परिणामों की घोषणा की जाएगी।

# पार्कों में घास बढ़ने से मच्छरों का आतंक

## पार्षद नरेश भाटी ने शुरू कराया सफाई अभियान





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** बारिश के कारण पार्कों में घास बढ़ने से मच्छरों का आतंक बढ़ गया है। लोग नगर निगम से पार्कों की घास काटने और दवा छिड़काव की मांग कर रहे हैं। लोगों की समस्या को देखते हुए वसुंधरा वार्ड 74 के पार्षद नरेश भाटी ने बताया कि बारिश की वजह से वार्ड के पार्कों में घास बढ़ने से मच्छरों का आतंक बढ़ गया, जिससे सैर करने वालों की परेशानी बढ़ गई है। पार्कों में सैर करने आने वाले लोग नगर निगम प्रशासन से पार्कों की घास काटने के साथ-साथ दवा के छिड़काव की मांग की रहे हैं। ताकि, पार्कों में सैर करने आए लोग मच्छरों के डंक से बच सकें।

दिन हो रही बारिश की वजह से वार्ड के सभी पार्क में घास बढ़ गई है। एक-एक फीट तक घास बढ़ने की वजह से सैर करने आने वाले लोगों को पार्क के अंदर घास पर नंगे पैर टहलने में दिक्कत हो रही है। घास बढ़ने की वजह से यहां मच्छरों की भरमार हो गई है।

पार्षद नरेश भाटी ने बताया कि गुरुवार को वसुंधरा सेक्टर 17 सी ए ब्लॉक बी ब्लॉक सी ब्लॉक के टाइप 200 से लेकर 500 तक के सभी पार्कों की घास व और दवा का छिड़काव कर गया। उन्होंने बताया लोगों की शिकायत के दौरान वार्ड के सभी पार्कों की घास की कटाई का काम शुरू कर दिया गया है जल्दी सभी पार्कों की सफाई हो जाएगी और लोगों को टहलने व शहर करने में कोई परेशानी नहीं होगी।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।